संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, रविवार, 18 जून 2023 | ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 165 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने कहा कि मैंने खुद हिंसा प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया, लोगों की बातें सुनी। जो घटना घटी मैं उससे व्यथित हूं।

# बिपरजॉय: शाह ने राहत कार्यों को लिया जायजा

## तूफान गुजरने के 36 घंटे बाद गुजरात में भारी बारिश, बनास नदी में बाढ़, पालनपुर शहर में पानी भरा; चारणका में सोलर पार्क डूबा

**बचाव कार्य जारी**

**= तूफान से पाटण में बने सबसे बड़े चारणका सोलर प्लांट को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश के बाद प्लांट में घुटनों तक पानी भर गया**



**टीम एक्शन इंडिया/द्वारका/राजकोट/कच्छ**

**बिपरजॉय** चक्रवात गुजरात में कच्छ के तट से 15 जून की रात को टकराया था। तूफान गुजरने के 36 घंटे बाद भी प्रभावित इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। इससे सौराष्ट्र-कच्छ समेत उत्तर गुजरात में तेज बारिश जारी है। पालनपुर, थराद, पाटण, बनासकांठा और अंबाजी जिलों में कई शहरों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। तूफान से पाटण में बने गुजरात के सबसे बड़े चारणका सोलर प्लांट को भारी नुकसान पहुंचा है। दो दिन से जारी बारिश के बाद प्लांट में घुटनों तक पानी भर गया है। तेज हवाओं से इसके सोलर पैनल झुक गए हैं। स्थानीय नदियों में बाढ़ की वजह से पाटण के सैकड़ों गांवों का संपर्क टूट गया है।

**बनास नदी में बाढ़, पालनपुर-अंबाजी हाईवे बंद:** बनासकांठा जिले में कल रात से तेज बारिश के बाद बनास नदी का पानी आबू रोड तक पहुंच गया है। पालनपुर-अंबाजी हाईवे को बंद कर दिया गया है। दर्जनों गांव बाढ़ के पानी में घिरे हुए हैं। वहीं, पालनपुर शहर के भी कई इलाके पानी में डूब गए हैं। शक्तिपीठ अंबाजी में बाढ़ के चलते राजस्थान और गुजरात के कई शहरों से आने वाले श्रद्धालुओं को बीच रास्ते से ही लौटाया जा रहा है। इधर, थराद शहर में 80 से 90 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल रही है।

### सौराष्ट्र में पानी की समस्या खत्म, राजकोट का सबसे बड़ा डैम ओवरफ्लो

**तूफान** बिपरजॉय के बाद लगातार बारिश से गुजरात के लिए राहतभरी खबर भी मिली है। यहां सौराष्ट्र में खाली पड़े 20 से ज्यादा डैम छलकने वाले हैं। राजकोट जिले का सबसे बड़ा आजी-2 डैम ओवरफ्लो हो चुका है। शनिवार सुबह डैम के 4 गेट खोलने पड़े।

पिछले 24 घंटे में वेणु-2 डैम के जलस्तर में 5.81 फीट पानी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा 20 से अधिक बांधों का जलस्तर भी अब तक करीब 3 फीट बढ़ चुका है।

### बिपरजॉय के दौरान गुजरात में 700 बच्चे जन्मे

**जब** तूफान कहर बरसा रहा था, तभी रेस्क्यू कैंप में 700 से ज्यादा बच्चों ने जन्म लिया। तूफान आने से 72 घंटे पहले ही गुजरात सरकार ने 8 हाई रिस्क जिलों से करीब 1 लाख लोगों को रेस्क्यू करके कैंप में भेजा था। इनमें 1,152 गर्भवती महिलाएं भी शामिल थीं। इनमें से 707 महिलाओं ने अस्पतालों और हेल्थ सेंटर्स में तूफान के दौरान बच्चों को जन्म दिया। गुजरात सरकार ने बताया कि तूफान के दौरान 302 सरकारी वाहन और 202 एम्बुलेंस तैनात की गई थीं।

### गृह मंत्री शाह ने कच्छ का हवाई सर्वे किया

**तूफान** से हुए नुकसान और राहत-बचाव का जायजा लेने के लिए गृहमंत्री अमित शाह ने कच्छ का हवाई निरीक्षण किया। उनके साथ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी थे। पटेल ने शुक्रवार शाम को कहा था कि हम एक बड़ी आपदा से लड़ने में सक्षम रहे। NDRF, SDRF और अन्य एजेंसियों ने तूफान से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए हर संभव प्रयास किया

**अगले 12 घंटों में कमजोर होगा बिपरजॉय तूफान:** बिपरजॉय तूफान कमजोर होकर डीप डिप्रेशन में बदल गया है। मौसम विभाग ने अगले 12 घंटों में इसके और कमजोर होने की आशंका जताई है। शुक्रवार की रात करीब 11.30 बजे दक्षिण पूर्व पाकिस्तान के ऊपर तूफान कमजोर होकर डीप डिप्रेशन में बदल गया है।

## कांग्रेस जॉइन करने के बजाय कुएं में कूद जाऊंगा: गडकरी



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**केंद्रीय** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी शनिवार को महाराष्ट्र के भंडारा में थे। वे केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर एक रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गडकरी ने एक पुराना किस्सा सुनाया। गडकरी ने दिवंगत कांग्रेस नेता श्रीकांत जिचकर की सलाह को याद करते हुए कहा कि एक बार उन्होंने मुझसे कहा था कि आप अच्छे पार्टी कार्यकर्ता और नेता हैं। अगर आप कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो आपका भविष्य उज्जवल होगा। मैंने उनसे कहा- मैं कांग्रेस में शामिल होने के बजाय कुएं में कूद जाऊंगा। मुझे भाजपा और उसकी विचारधारा पर पूरा भरोसा है। मैं अपनी पार्टी के लिए आजीवन काम करता रहूंगा।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों पर फायरिंग



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**इंफाल** में शुक्रवार को एक रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट के गोदाम में आग लगा दी गई। वहीं, मणिपुर के मंत्री नेमचा किंगपेन के घर में आग लगने के बाद सिर्फ मलबा रह गया है। मणिपुर में 3 मई से जारी हिंसा अब भी जारी है। शुक्रवार रात 5 बड़ी अलग-अलग घटनाएं हुईं। इंफाल पश्चिम के इरिंगबाम थाने पर सैकड़ों लोगों की भीड़ ने हथियार लूटने की कोशिश की, हालांकि सुरक्षाबलों ने उन्हें खदेड़ दिया। इस दौरान भीड़ की ओर से फायरिंग भी की गई। दूसरी घटना में भीड़ ने भाजपा के एक विधायक विश्वजीत के घर में आग लगाने की कोशिश की। इसे मणिपुर रैपिड एक्शन फोर्स की टीम ने नाकाम कर दिया। तीसरी घटना खोंगमन और सिंजेमाई की है। दोनों जगहों पर भीड़ ने बीजेपी ऑफिस पर हमला किया। हालांकि सेना के जवानों ने भीड़ को भगा दिया। चौथी घटना राजधानी इंफाल के पोरमपेट की है।

## नेहरू मेमोरियल अब होगा प्रधानमंत्री मेमोरियल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नेहरू** मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी सोसाइटी का नया नामकरण करने पर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो चली है। कांग्रेस नेता गौरव वल्लभ ने इस प्रयास को भाजपा पर छोटी मानसिकता बताते हुए कहा कि जवाहरलाल नेहरू का नाम बोर्ड से हटाने से उनका व्यक्तित्व कम नहीं हो जाएगा। देश के लोग नेहरू जी को आधुनिक भारत का निमार्ता मानते हैं। भाजपा सरकार देश के सामने अपनी ओछी मानसिकता का प्रदर्शन कर रही है। वहीं भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस एक परिवार से परे नहीं देख सकती है। यह एक फैमिली लिमिटेड कंपनी, एक फैमिली लिमिटेड एंटरप्राइज है।

## सेना ने सिक्किम में फंसे 3500 टूरिस्ट को बचाया



**टीम एक्शन इंडिया/गंगटोक**

**उत्तरी** सिक्किम के चुंगथांग में शुक्रवार को लैंडस्लाइड (भूस्खलन) और बारिश के कारण सड़क बह गई। इससे वहां फंसे करीब 3,500 टूरिस्ट्स को भारतीय सेना ने बचा लिया है। इनमें कुछ कॉलेज स्टूडेंट्स भी शामिल हैं। लाचेन, लाचुंग और चुंगथांग घाटियों में भारी बारिश हुई। सिक्किम के चुंगथांग में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सड़क का एक हिस्सा बह गया। सेना ने वहां बचाव अभियान चलाकर 3500 टूरिस्ट्स को निकाला। सिक्किम के चुंगथांग में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सड़क का एक हिस्सा बह गया। सेना ने वहां बचाव अभियान चलाकर 3500 टूरिस्ट्स को निकाला।

## जूनागढ़ में दरगाह हटाने के नोटिस पर बवाल



**टीम एक्शन इंडिया/जूनागढ़**

**गुजरात** के जूनागढ़ में एक दरगाह को हटाने के नोटिस पर बवाल हो गया। नोटिस देने के विरोध में शुक्रवार देर रात 600 से ज्यादा लोग धर्मस्थल के पास इकट्ठा हुए और प्रदर्शन किया। इसके बाद इन्होंने पुलिस थाने को घेर लिया। पत्थरबाजी शुरू कर दी। पुलिस ने बचाव में आंसू गैस के गोले छोड़े। इस दौरान झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। डीएसपी के अलावा चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। अब तक 174 लोगों को हिरासत में लिया गया है। जूनागढ़ में मजेवडी रोड के पास सड़क पर एक दरगाह है। इसे जूनागढ़ नगर निगम ने पांच दिन पहले नोटिस जारी किया था। कहा था कि वे इसके दस्तावेज पेश करें। एसपी रवि तेजा वासमसेट्टी ने बताया कि नोटिस के खिलाफ कल वहां 500 से 600 लोग जमा हो गए। पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की। वे नहीं माने और रात करीब 10.15 बजे पथराव शुरू कर दिया।' उन्होंने बताया, 'भीड़ को हटाने के लिए लाठीचार्ज किया गया। इस घटना में पुलिस कर्मी घायल हो गए। एक नागरिक की मौत हो गई। ये मौत कैसे हुई इसका पता पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा।'

**भीड़ ने बस पर पथराव किया, पैसेंजर्स को चोटें आईं:** मजेवाड़ी गेट के पास जमा भीड़ ने सड़क से गुजर रही बस के शीशे तोड़ दिए। बस में बैठे यात्रियों को चोटें आईं। इसके बाद पुलिस गाड़ियों में तोड़फोड़ और मोटर साइकिलों को भी आग लगा दी।

## हमें अपनी समृद्ध और विविध संस्कृति पर गर्व है: पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री न**रेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के 9 साल पूरे होने पर इस दौरान सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, राष्ट्र निमार्ताओं की विरासत को सम्मान देने, देश भर में आध्यात्मिक स्थलों का पुनर्विकास और कायाकल्प से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में एक विस्तृत जानकारी साझा की है। कन्वर्सिंग कल्चरल हेरिटेज के अन्तर्गत लेख, ग्राफिक्स और वीडियो आदि के



माध्यम से पिछले 9 सालों में इस दिशा में किए गए प्रयासों को प्रस्तुत किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह लिंक साझा करते हुए शनिवार को ट्वीट किया, हमें अपनी समृद्ध और विविध संस्कृति पर गर्व है। भारत की गौरवशाली विरासत को पुनर्जीवित करने और सम्मान देने की दिशा में कई प्रयास किए गए हैं। कन्वसिंग कल्चरल हेरिटेज में गुजरात में सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा- स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, तेलंगाना में रामानुजाचार्य स्वामी की विशाल प्रतिमा- स्टेच्यू ऑफ इक्वालिटी, कर्नाटक में नादप्रभु केम्पेगौड़ा की- स्टेच्यू ऑफ प्रास्पेरिटी, केदारनाथ धाम में आदि शंकराचार्य की प्रतिमा, नई दिल्ली के ही अम्बेडकर इंटरनेशल सेंटर में बाबासाहेब आम्बेडकर की प्रतिमा, जेएनयू में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा, रांची में बिरसा मुंडा की प्रतिमा और पुणे में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है।

**साझा की**

**= आध्यात्मिक स्थलों का पुनर्विकास और कायाकल्प से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में एक विस्तृत जानकारी साझा की**

## ओडिशा रेल हादसे के बाद एक्शन में रेल मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**ओडिशा** रेल हादसे के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एक्शन में हैं। उन्होंने शनिवार को दिल्ली डीआरएम (मंडल रेल प्रबंधक) कार्यालय और नियंत्रण कक्ष का दौरा किया। इस दौरान अश्विनी वैशव ने कहा कि डिवीजनल कंट्रोल सिस्टम प्राइमरी ऑपरेशंस को मैनेज करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण सिस्टम हैं। इसलिए, दिल्ली डिवीजन कंट्रोल सिस्टम्स में, मैंने सभी के साथ बात की कि इन्हें (सिस्टम) कैसे अपग्रेड किया जाए और देश भर में कंट्रोल सिस्टम को और आधुनिक कैसे बनाया जाए। ओडिशा के बालासोर में हुए भीषण ट्रेन हादसे ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया।

## बंगाल: केंद्रीय मंत्री की कार पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल में 8 जुलाई को पंचायत चुनाव से पहले एक बार फिर हिंसा की खबर है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक शनिवार को कूच बिहार स्थित साहेबगंज वीडियो ऑफिस जा रहे थे। यहां कैंडिडेट्स की स्क्रूटनी हो रही थी। इस दौरान टीएमसी समर्थकों ने उनकी कार पर



तीर से हमला किया। उन्हें चोट नहीं आई है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें भाजपा समर्थक तीर दिखा रहे हैं। निशीथ प्रमाणिक भी उनके साथ खड़े हैं। एक कार्यकर्ता अपने कपड़े उतार कर पीठ पर लगी चोट दिखा रहा है। प्रमाणिक ने कहा- पुलिस के सामने तीर से हमला हो रहा है। बम फेंके जा रहे हैं। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर हमे बीडीओ ऑफिस के अंदर जाने से रोक दिया है, जबकि टीएमसी के विधायक अंदर बैठे हुए हैं। नामांकन पत्रों की जांच केंद्रीय बलों की निगरानी में होनी चाहिए।

**बीजेपी का हाथ** परमिशन भी दिलाई, हरिद्वार में मेडल बहाने पर होती हिंसा: साक्षी मलिक

## 2 बीजेपी नेताओं ने धरना देने को कहा: साक्षी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**भारतीय** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण और रेसलर्स विवाद में अब पहलवान साक्षी मलिक ने एक नया खुलासा किया है। साक्षी मलिक ने कहा कि हमें धरना देने के लिए बीजेपी नेता बबीता फोगाट और तीर्थ राणा ने कहा था। इन दोनों नेताओं ने उन्हें कहा था कि बृजभूषण के खिलाफ अपनी आवाज उठाओ। यही नहीं, जंतर-मंतर पर धरने की परमिशन भी बबीता फोगाट और तीर्थ राणा ने ही दिलाई थी। साक्षी ने परमिशन लेटर भी दिखाया। साक्षी मलिक का यह चौंकाने वाला दावा है क्योंकि बृजभूषण समेत बीजेपी ये



कहती रही कि धरने के पीछे हरियाणा से राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा हैं। वहीं बबीता फोगाट खुद भी रेसलर्स के धरने में राजनीति होने की बात कहती रही। वहीं तीर्थ राणा भी हरियाणा के सोनीपत से ही भाजपा के जिला अध्यक्ष हैं। साक्षी ने ये भी कहा कि हरिद्वार में इस तरह का माहौल बना दिया गया कि अगर हम मेडल बहाने जाते तो हिंसा होने का खतरा था।

**इतने समय तक छुप क्यों रहे:** हमारे अंदर एकता की कमी थी। हम कभी एक साथ हो ही नहीं पाए। दूसरा कारण है कि नाबालिग लड़की। जिसने अपने बयानों को भी बदल दिया। हम तो एकजुट है, इसके बाद भी उन्होंने डर की वजह बयान बदल दिए। हम सिंगल-सिंगल आवाज कैसे उठा सकते थे?। यह तो सभी ने महसूस भी कर लिया होगा कि इंडिया के टॉप रेसलर्स ने आवाज उठाई है।

**खुलासा**

**= साक्षी मलिक ने कहा कि हमें धरना देने के लिए बीजेपी नेता बबीता फोगाट और तीर्थ राणा ने कहा था: साक्षी मलिक**



# समयोचित पुलिस कार्यवाही के बावजूद भाजपा का विरोध प्रदर्शन मात्र ओछी राजनीति: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चम्बा जिला के सलूणी में हुए हत्याकांड के मामले में भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन पर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए आज यहां कहा कि यह शायद देश का पहला ऐसा मामला है जिसमें सभी आरोपियों को पकड़ा जा चुका है और पुलिस की समयोचित कार्रवाई के बावजूद भाजपा इस पर शोर-शराबा जारी रखे हुए है। उनका यह प्रदर्शन पूर्णतया अवांच्छित है और इसे न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने चौबीस घंटों के भीतर सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया। उन्होंने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी तथा सरकार द्वारा राष्ट्रीय जांच एजैंसी से मामले की जांच करवाने सम्बंधी मांग स्वीकार करने के बावजूद भाजपा द्वारा विरोध प्रदर्शन जारी रखना तर्कहीन है। केंद्र में सत्ता में होने के बावजूद भाजपा इस जांच को मुद्दा बना रही है जबकि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के लिए एक फोन कॉल पर यह जांच शुरू करवाना कोई बड़ी बात नहीं है। इससे प्रतीत हो रहा है कि इस घटना को राजनीतिक रंग देते हुए भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को ध्यान में रखते हुए ऐसी तरकीबें अपना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में शामिल सभी लोगों की गिरफ्तारी के बावजूद घटना के 5 दिनों के बाद भाजपा युवा मोर्चा से जुड़े लोगों ने आरोपी के घर को आग की भेंट चढ़ा दिया। हालांकि उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से बार-बार आश्वस्त किया है कि इस मामले में संलिप्त सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बावजूद विरोध प्रदर्शन समझ से परे है और भाजपा इस मामले में ओछी राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि बेहतर यह होता कि भाजपा प्रदेश हित से जुड़े मामलों एवं हिमाचल के अधिकारों के लिए केंद्र के समक्ष आवाज उठाती जिससे कि प्रदेशवासियों का भी भला होगा।सुक्खू ने कहा कि हिमाचल के हितों को प्राथमिकता देने के लिएआंदोलन में कांग्रेस पार्टी भी अपना पूर्ण सहयोग देगी। राज्य के हितों की रक्षा करने की दिशा में प्रदेश सरकार तथा विपक्ष की साझा जिम्मेदारी पर बल देते हुए उन्होंने जल उपकर तथा जलविद्युत परियोजनाओं में निःशुल्क बिजली की रॉयल्टी बढ़ाने जैसे मुद्दों पर भाजपा को सरकार का साथ देने का परामर्श भी दिया।

## सीएम ने रियल एस्टेट एक्सपो-2023 का शुभारंभ किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस ट्रिब्यून रियल एस्टेट एक्सपो-2023 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने डिवेलपर के साथ बातचीत भी की और ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। इस एक्सपो में लगभग 15 डिवेलपर, प्रमोटर तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक भाग ले रहे हैं। मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान, महापौर सुरेंद्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल, ट्रिब्यून ट्रस्ट के अध्यक्ष एन.एन.वोहरा, उपायुक्त आदित्य नेगी और पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।



# मनोहर हत्याकांड में खन्ना ने राष्ट्रीय मावन अधिकार आयोग को लिखा पत्र, मांगा मुआवजा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा को एक पत्र लिखा। पत्र में उनका ध्यान देव भूमि हिमाचल प्रदेश के सलूणी जिला चंबा हत्याकांड की ओर आकर्षित किया गया जहां 21 वर्षीय युवक मनोहर की हत्या कर उसके टुकड़े-टुकड़े करने का मामला जनता के समक्ष आया है। अविनाश राय खन्ना ने कहा कि यह मानव अधिकारों का हनन है। उन्होंने अरुण कुमार मिश्रा से अनुरोध किया कि इस विषय का संज्ञान लेकर कार्यवाही पर परिवारजनों को मुआवजा दिलाने की कृपा करें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से सत्य को अंजाम दिया गया है यह एक गंभीर विषय है और हिमाचल सरकार को भी इस विषय को गंभीरता से लेना चाहिए।



# चंबा हादसे को लेकर भाजपा ने जताया रोष

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

जो हादसा चंबा में हुआ है उससे हमारे दिल को ठेस पहुंची है। भाजपा का लक्ष्य किसी प्रकार का अराजकता फैलाने का नहीं है, केवल पीड़ित परिवार से मिलकर उसका मनोबल बढ़ाने का है। हम प्रशासन के साथ खड़े हैं, पर जिस प्रकार हिमाचल प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन किया है वह हमें मंजूर नहीं है। शायद सरकार को इस मामले की गंभीरता समझ नहीं आ रही है। सरकार के कुछ लोग इस अपराधी को शरण देने का प्रयास कर रहे हैं, हम सरकार से एक निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं और जिस प्रकार हमारे नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने एनआईए जांच की मांग करी है उसका हम समर्थन करते हैं। सरकार से की निष्पक्ष जांच की मांग, डी.सी. हमीरपुर के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन यह बात हमीरपुर जिला भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय पर रोष प्रदर्शन के दौरान कही। उन्होने कहा कि अगर प्रदेश सरकार दोषियों को कड़ी सजा नहीं देती और मृतक के परिवार को उचित आर्थिक सहायता नहीं दी गई, तो भाजपा पूरे प्रदेश में एक जनांदोलन खड़ा करेगी, जिसकी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से प्रदेश सरकार की होगी। इस दौरान भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, कैप्टन रंजीत प्रदेश, सह मीडिया प्रभारी नरेंद्र अत्री, जिला भाजपा के महामंत्री हरीश शर्मा व अभयवीर सिंह लवली, वरिष्ठ भाजपा नेता प्यारेलाल शर्मा, अंकुश दत्त शर्मा, विकास शर्मा, कमलेश परमार, वीना कपिल, सुमन कपिल, वीना शर्मा, गौतम ठाकुर, पुरषोत्तम शर्मा, दिनेश ठाकुर, प्रगुण गौतम, तेन सिंह, राजेश्वरी, जोगिंदर, जग सिंह ठाकुर, कपिल, वीरेंद्र ठाकुर, विनोद ठाकुर आदि सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# नाहन में युवक ने की आत्महत्या



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर के मुख्यालय नाहन में एक 19 वर्षीय युवक राहुल द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है जो अमरपुर मोहल्ला का निवासी था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। साथ ही घटना के संदर्भ में मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिकए, राहुल अपने घर में पंखे से लटका हुआ था। जब युवक के परिजनों ने उसे लटका हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। जिस के बाद परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचना चाहा परन्तु तब तक उसकी सांसे थम चुकी थी। पुलिस को कोई सुसाइड नोट आदि बरामद नहीं हुआ है।

मामले की पुष्टि डीएसपी मुख्यालय मीनाक्षी शाह ने की है।

# पेंटिंग की दुनिया में बड़ा आर्टिस्ट बनना चाहता है आयुष, कई प्रतियोगिताओं में हुआ चयन

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी के छात्र आयुष ने अलग-अलग पेंटिंग बनाकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। आयुष ने बताया की पेंटिंग बनाने में 2 से 3 घंटे लग जाते हैं। उन्होंने स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया था इसके साथ उनका चयन ब्लॉक लेवल में हुई वहां भी उन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया उसके बाद उनकी सिलेक्शन जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हुई तो वहां उनका स्थान दूसरा रहा। आयुष का कहना है कि बड़े होकर पेंटिंग आर्टिस्ट बनना चाहता हूं। आयुष ने अपने मुकाम का श्रेय स्कूल के अध्यापक व अपने माता-पिता को दिया है। उन्होंने अन्य छात्रों से भी आह्वान किया है कि अगर किसी भी कार्य को लांच किया जाए तो उसमें सफलता जरूर हासिल होती है।



## न्यूज फ्लैश

### कालाअंब की मल निकासी योजना तैयार :अधिशासी अभियंता जल शक्ति

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

औद्योगिक क्षेत्र कालाआम और मोगीनंद में रहने वाले हजारों लोगों के लिए जल शक्ति विभाग ने मल निकासी योजना लगभग तैयार कर ली है और कनैक्शन के लिए एप्लाई करते ही अगले कुछ दिनों में इस योजना का लाभ स्थानीय लोगों को मिलना आरम्भ हो जायेगा। इस योजना से जहां औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में पर्यावरण को संरक्षित रखने में मदद मिलेगी वहीं स्थानीय लोगों को मल निकासी योजना का लाभ भी मिलेगा। अधिशासी अभियंता जल शक्ति मंडल नाहन अशीष राणा ने कहा कि कालाअंब क्षेत्र के लिए सीवरेज योजना बनकर तैयार है। हम सिवरेज कनैक्शन लेने के लिए उपभोक्ताओं को आमंत्रित करते हैं। उन्होंने कहा कि कालाअंब और मोगीनंद के अधिकतम क्षेत्रों के हमने सीवरेज नैटवर्क व सीईटीपी से जोड़ दिया है। यह सिवरेज सिस्टम अब अधिकांश घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से मल और सिवरेज को एकत्र करने और ट्रीटमेंट के लिए तैयार है। आशीष राणा ने कहा कि लंबे समय से कालाअंब क्षेत्र के लिए मल निकासी योजना की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।उन्होंने कहा कि सीवरेज कनैशन के लिए इच्छुक व्यक्ति अथवा व्यापारिक प्रतिष्ठान सहायक अभियंता जल शक्ति उप-मंडल नाहन के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। आवदेन करने के तुरंत बाद आवश्यक औपचारिकताओं के उपरांत उपभोक्ताओं को सिवरेज के कनैशन जारी कर दिए जाएंगे। उन्होंने लोगों से इस योजना का लाभ उठाने के लिए आगे आने का आग्रह किया है। अधिशासी अभियंता आशीष राणा ने बताया कि त्रिलोकपुर, खैरी और जोहड़ों की मल निकासी योजना भी तैयार है। त्रिलोकपुर, खैरी और जोड़ों के अधिकतम क्षेत्रों को सीवरेज नैटवर्क व सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मल निकासी योजना से भी घर और व्यापारिक प्रतिष्ठान सिवरेज कनैशन ले सकते हैं। उन्होंने कालाआम क्षेत्र और त्रिलोकपुर क्षेत्र की दोनों मल निकासी योजनाओं से लाभ उठाने का आग्रह आमजन से किया।

### कुफ्टाधार द्विभाजन-ऑकलैंड हाउस स्कूल-लॉन्गवुड-ऑकलैंड बस स्टैंड मार्ग पर यातायात रहेगा वन वे 'एंटी-क्लॉक वाइज'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

जिला दंडाधिकारी शिमला आदित्य नेगी ने कुफ्टाधार द्विभाजन एसबीआई पक्ष से-ऑकलैंड हाउस स्कूल-लॉन्गवुड-ऑकलैंड बस स्टैंड मार्ग पर यातायात को वन वे एंटी-क्लॉक वाइज के रूप में 30 दिनों के लिए परीक्षण आधार पर नियंत्रित करने के आदेश जारी किये हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को इस प्रारूप अधिसूचना के संबंध में कोई आपत्ति है तो वह इस प्रारूप अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति जिला दंडाधिकारी को भेज सकता है।

# जाइका फसल विविधकरण परियोजना में प्लान बनाए जाने की मुहिम तेज: चौहान

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

जाइका के सहयोग से संचालित की जा रही हिमाचल प्रदेश फसल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना के तहत राज्य भर में प्रस्तावित सैंकडों सब प्रोजेक्टस के लिए सब प्रोजेक्ट डिवेल्पमेंट प्लान बनाए जाने की मुहिम शुरू हो गई है। एसीडीपी ही होगा किसानों को लाभान्वित करने का मुख्य आधार इसके लिए एसपीएमयू के अधिकारियों के साथ परियोजना के लिए अनुबंधित निजी कंपनी एईकॉम के विशेषज्ञों ने मंडी व कुल्लू जिलों में परियोजना के अधिकारियों व कर्मचारियों से समीक्षात्मक चर्चा की। मंडी व कुल्लू जिलों में परियोजना के प्रबंधकों से डिवेल्पमेंट प्लान बनाए जाने के लिए जरूरी आंकडों पर चर्चा के बाद उन्हें एसपीएमयू व पीएमसी विशेषज्ञों की ओर से इसमें बेहतरी के लिए सुझाव दिए गए।

मंडी और कुल्लू जिलों में पीएमसी के सहयोग से एसडीपी के लिए कार्यशालाएं आयोजित इस प्लान को विकसित करने के विभिन्न कंपोनेंटस में सुधार की दृष्टि से जोड़े गए बिंदुओं को शामिल करके ही इस विषय पर आगे बढने.के निर्देश परियोजना के उच्च अधिकारियों की ओर से दिए गए। परियोजना निदेशक डॉ सुनील चौहान ने बताया कि प्रदेश भर में कुल 306 सब प्रोजेक्टस यानि माइनर व माइक्रो इरिगेशन स्कीमों का निर्माण किया जाएगा। इनमें दस को जल शक्ति विभाग के मौजूदा ढांचे के साथ सांझेकरण की युक्ति से आगे बढ़ाने की योजना हैए जबकि 296 सिंचाई योजनाओं का निर्माण परियोजना की ओर से सीधे तौर पर किए जाने की दिशा में काम आगे बढ़ रहा है। डॉ चौहान ने बताया कि इन सभी सिंचाई योजनाओं में सब प्रोजेक्ट डिवेल्पमेंट प्लान बनाए जाने हैं। इन्हीं के आधार पर फसल विविधिकरण से किसानों को लाभान्वित करने का मकसद पूरा किया जाएगा। इसी क्रम में हर जिले में प्रस्तावित सब प्रोजेक्टस में प्लान तैयार करने की दिशा में पीएमसी के सहयोग से कार्यशालाओं का आयोजन शुरू किया गया है। मंडी व कुल्लू जिलों में दो दिन तक जिस तरह से कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, ठीक वैसे ही बाकी दस जिलों में भी इसका आयोजन होगा। एसडीपी के तहत इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेल्पमेंट प्लान में कूहलों के निर्माण, सिंचाई योजना की मशीनरी व ढांचा निर्माण, फार्म मशीनरी में जैसे पावर वीडर, चेफ कटर, ट्रैक्टर, कृषि उपकरणों का प्रावधान आदि शामिल है।



# आयुष विभाग योग दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/विजय समयाल**

आयुष विभाग योग दिवस थीम हर घर हर आंगन योग के तहत माध्यमिक पाठशाला वटाहडी मे एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन डॉ जगदीप सिह व डॉ शिवानी चौहान की अध्यक्षता मे लगाया गया इस एक दिवसीय शिविर मे 70महिलाए व पुरुषों ने हिस्सा लिया डा जगदीपसिह व डॉ शिवानी चौहान ने योग शिविर के माध्यम से निरोग रहने के लाभ बताये शिविर मे डॉक्टरों द्वारा लोगों को अपनी दिनचर्या मे योग को शामिल करने का आहवान किया ताकि बीमारियों से वचा जा सके ।

# राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों में मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने शनिवार को राजकीय हाई स्कूल डुग्घा में स्कूली छात्राओं की जोनल स्तरीय अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों की 450 से अधिक छात्राएं भाग ले रही हैं। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार ने डुग्घा में किया स्कूली छात्राओं की जोनल स्तरीय अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि खेलें विद्यार्थी जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण अंग होती हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से पढ़ाई का नुकसान नहीं होता है, बल्कि इनसे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व सर्वांगीण विकास होता है और वे शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं।उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के दिल के बेहद करीब हैं।

इन क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री कई सराहनीय योजनाएं लेकर आ रहे हैं। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि प्रदेश सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोलने जा रही है, जिनमें विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के माध्यम से ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू बेसहारा बच्चों के लिए एक ऐसी सराहनीय योजना लेकर आए हैं, जिसकी आज तक किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। यह योजना बेसहारा बच्चों के लिए बहुत बड़ी सौगात है। इस तरह की योजना अभी तक भारत के किसी भी अन्य राज्य में नहीं है।



# जिला में 19 से 25 जून तक चलेगा भांग उखाड़ो का विशेष अभियान: अरिंदम चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मंडी जिला में नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए 19 से 26 जून तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसमें आम जनमानस की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। यह जानकारी उपायुक्त अरिंदम चौधरी ने शनिवार को अपने कार्यालय में 26 जून को नशे के खिलाफ आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय दिवस को मनाने और इससे पहले 19 से 25 जून तक सप्ताह भर चलने वाले विशेष जागरूकता कार्यक्रमों की कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि 19 से 25 जून तक पुलिस, पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मण्डलों और युवक मण्डलों के सहयोग से भांग उखाड़ो अभियान चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी विभाग सरकारी प्रतिष्ठानों के नजदीक उगे भांग के पौधों को उखाडेंगे। इसी दौरान स्कूलों में चित्रकला, स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि 22 जून को हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। 23 जून को खिलाडि?ों के साथ मीडिया टॉक आयोजित की जाएगी। 24 जून को स्वास्थ्य,पुलिस, आबकारी विभागों द्वारा महाविद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आइईसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 25 जून को पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मण्डलों, युवक मण्डलों और आंगनबाड़ी कार्यकताओं के सहयोग से मंडी शहर और सभी गांवों प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी।

अंदिदम चौधरी ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से नियमित तौर पर जागरूक किया जा रहा है।

# कांगड़ा के वरिष्ठ मंत्री मीडिया के सामने मुकर गए कि मुझे इस बारे में कुछ पता नहीं है: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप, पूर्व मंत्री डॉ राजीव सैजल, राज्यसभा सांसद इंदू गोस्वामी, प्रो. सिकन्दर कुमार ने संयुक्त बयान में कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के मंत्रियों एवं राजनीतिक सलाहकारों के बयानो को पढकर बहुत मानसिक कष्ट लगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में एक जघन्य हत्याकांड हो गया। एक दलित परिवार के युवा की हत्या करके आरे से उसके शरीर के टोटे-टोटे कर दिए गए और सरकार इस गंभीर मामले को मामूली घटनाए ईक्का-दुक्का घटना कहकर अपना पल्ला झाड़ रही है। उन्होनें कहा कि कांग्रेस पार्टी एक्शन में आने की बजाए भाजपा पर दोषारोपण करने में जुट गई है। कांग्रेस सरकार के वन मंत्री इस प्रकार के भयावह हत्याकांड की जिम्मेदारी पुरानी सरकार पर डालने में लगे हैं। कांगड़ा के वरिष्ठ मंत्री मीडिया के सामने मुकर गए कि मुझे इस बारे में कुछ पता नहीं है, पता करूंगा कि क्या हुआ है और कहा कि इस तरह की ईक्का-दुक्का घटनाएं तो होती रहती है। भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय को जिस समय इस घटना को गभीरता से लेते हुए इस पर ठोस कार्यवाही करनी चाहिए थी, उस समय वे विभागों के फेर बदल में लगे हुए थे, उन्हें प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था की कोई चिंता नहीं थी। भाजपा नेताओं ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार जो सुखविन्द्र सुक्खू के नेतृत्व में चल रही है, ने न तो उस दलित परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की और न ही इस जघन्य हत्याकांड के पीछे जो बड़ा अतीक अहमद जैसा साम्राज्य है, उस पर कोई चोट करने की बात की। उन्होनें कहा कि इससे भी बढकर दुख का विषय यह है कि मुख्यमंत्री को आज तक पीड़ित परिवार से मिलने जाने का समय नहीं मिला। ना ही उनके चंबा के विधायक इस पीड़ित परिवार से मिलने गए।

भाजपा नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और सरकार के मंत्री इस भयावह कुकृत्य के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं है।

यही देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने निर्णय लिया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष पीड़ित परिवार से मिलने जाएं परन्तु यह ऐसी निकम्मी सरकार है जो न तो खुद गई और न ही उन्हें जाने दिया। केवल बयान बहादुर बनकर मीडिया में अनाप-शनाप बयान दागने में लगे हैं।

भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही अमल में लाए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और भविष्य में इस प्रकार की अमानवीय घटनाएं न हो।



# राज्यपाल से एच.पी.ए.एस. प्रशिक्षु अधिकारियों ने की भेंट

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**



हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा एच.पी.ए.एस. और हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ संबद्ध सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने आज राज भवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। ये अधिकारी हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान हिप्पा, फेयरलॉन, शिमला में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ बातचीत में उन्हें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में सदैव जागरूक रहने तथा अपने कार्यों के माध्यम से समाज और राज्य के विकास में योगदान देने का परामर्श दिया। उन्होंने अधिकारियों को पूरी लगन और ईमानदारी से समाज की सेवा करने को कहा। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारियों को अच्छे व्यवहार और उत्कृष्ट सेवाओं के माध्यम से आमजन के बीच पहचान बनानी चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए और उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का परामर्श दिया। उन्होंने अधिकारियों को अपने संबंधित विभागों में उनके पूर्वगामियों द्वारा स्थापित किए गए उच्च मानकों के अनुसार कार्य करने को कहा तथा संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली के अनुरूप अपने ज्ञान व अनुभव में वृद्धि करने पर बल दिया। इस अवसर पर हिप्पा की अतिरिक्त निदेशक ज्योति राणा ने राज्यपाल को प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए तैयार किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम का ब्यौरा दिया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा भी उपस्थित थे।

# तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है कांग्रेस

## मनोहर हत्याकांड पर मंडी में भाजपा ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**



चंबा के सलूणी में हुए मनोहर हत्याकांड की तपिश मंडी तक भी पहुंच गई है। मंडी में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने प्रदेश सरकार और चंबा प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद भाजपा ने उपायुक्त मंडी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर इस मामले की एनआईए से जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। इस मौके पर भाजपा मंडलाध्यक्ष मनीश कपूर ने कहा कि प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था का दीवालिया निकल चुका है और हर रोज कहीं न कहीं हत्या और दुराचार के मामले सामने आ रहे हैं। चंबा के सलूणी की इस घटना ने प्रदेश वासियों को झकझोर कर रख दिया है। हिंदू दलित युवक को जिस प्रकार आठ टुकड़ों में काटकर पानी में छुपाया गया इस प्रकार की घटना आज तक शांत प्रदेश में कभी नहीं हुई। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य ने कहा कि सरकार ने इस मामले को दबाने का प्रयास किया और आज तक न खुद मुख्यमंत्री पीड़ित परिवार से मिलने नही पहुंचे और न विपक्ष के नेता को वहां जाने दिया। ये लोकतंत्र में अनोखी घटना है कि किसी परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है और इस परिवार को जब ढाढस बंधाने के लिए कोई जाना चाहता है तो उसे बीच रास्ते में रोका जा रहा है। उन्होंने राज्यपाल से मामले में हस्तक्षेप कर सरकार की ढील और चंबा प्रशासन पर कारवाई करने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा की प्रदेश में एक ऐसा माहौल बनाया जा रहा है ताकि हिंदू तबके को दबाया जा सके। जब विधानसभा चुनावों के नतीजे आए तो उसमें स्वयं मुख्यमंत्री ने कहा था कि वह 97 फीसदी हिंदुओं को हराकर जीते हैं, इससे साफ जाहिर होता है कि हिमाचल प्रदेश को अशांत करने और तुष्टीकरण की राजनीति को अमलीजामा पहनाने की कोशिस की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई हिस्सों में ऐसे लोग पहुंचे हैं जिनकी कोई शिनाख्त नहीं हो रही है और वह लोग संदिग्ध परिस्थितियों में कई घटनाओं को अंजाम भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश पुलिस प्रशासन ऐसे

## न्यूज फ्लैश

### एचआरटीसी कर्मियों को नहीं मिला मई माह का वेतन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम के हजारों कर्मचारियों को मई महीने का वेतन नहीं मिला है। जून महीने की 17 तारीख भी बीत चुकी है लेकिन वेतन को लेकर कर्मचारियों का इंतजार खत्म नहीं हुआ है। वेतन न मिलने पर एचआरटीसी ड्राइवर यूनियन, इंटक, बीएमएस और डीएनसी सदस्यों में सरकार के प्रति लगातार रोष बढ़ता जा रहा है। हिमाचल पथ परिवहन निगम प्रदेश सहित उत्तर भारत के जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, चंडीगढ़ और दिल्ली में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हिमाचल पथ परिवहन निगम में 4600 चालक, 4400 परिचालक तथा एक हजार के करीब मैकेनिकल तथा अन्य ऑफिस स्टाफ है, जिन्हें कि पिछले कुछ समय से समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। एचआरटीसी ड्राइवर यूनियन राज्य कार्यकारिणी के सह कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि यूनियन के सदस्य समय पर वेतन के लिए सरकार को ज्ञापन दे चुके हैं। फिर भी समय पर वेतन ना मिलने से कर्मचारियों में रोष पनप रहा है। हिमाचल पथ परिवहन निगम दुर्गम से दुर्गम क्षेत्रों में कठिन परिस्थितियों में लगातार सेवाएं दे रहा है। वर्तमान में एचआरटीसी की 3372 बसें 4 हजार से अधिक रूटों पर चल रही है। हिमाचल पथ परिवहन निगम से संबंधित चालक यूनियन, इंटक, बीएमएस और डीएनसी सभी सदस्यों ने एक मांग में सरकार से एक और दो तारीख को वेतन जारी करने की गुहार लगाई है। एचआरटीसी कर्मचारियों का कहना है कि समय पर वेतन ना मिलने से उन्हें परिवार चलाने में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उधर जब इस संदर्भ में निगम के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि एचआरटीसी कर्मियों के वेतन का मामला वित्त विभाग को भेजा गया है। जैसे ही वित्त विभाग से निर्देश जारी होगा, कर्मचारियों को वेतन जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कितना समय लगेगाए यह बताना तो मुश्किल है मगर जब भी वित्त विभाग से मंजूरी मिलेगी, तो कर्मचारियों को वेतन जारी कर दिया जाएगा।

### सिएट ने लॉन्च किया बाइक मोबाइल क्रू दूर दराज के इलाकों में बाइकर्स के लिए मोबाइल बाइक रिपेयर सर्विस

**शिमला:** प्रमुख टायर निमार्ता कंपनी सिएट लिमिटेड ने सिएट बाइक मोबाइल क्रू को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ऐसी अनूठी बाइक मरम्मत सेवा है जो खास तौर पर दूर .दराज के इलाकों में रहने वाले मोटरसाइकिल चालकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई है। यह सेवा ऐसे बाइकर्स के लिए अत्यंत उपयोगी है जो मुश्किल इलाकों में रहते हैं और जिन्हें बाइक की सर्विस को लेकर अनेक चुनौतियों का सामना करना होता है।कई बार ऐसे लोग सर्विसिंग पेशेवरों तक भी आसानी से नहीं पहुंच पाते और उन्हें कोई मोबाइल नेटवर्क कवरेज भी नहीं मिलता है। पायलट कार्यक्रम लद्दाख के सरचु और माहे में शुरू हो रहा है जिसका देशभर में अन्य लोकप्रिय बाइकिंग स्थलों तक विस्तार करने की योजना भी बनाई गई है।सिएट बाइक मोबाइल क्रू मेंबर टायर की मरम्मत और बाइक की पूरी सर्विस करने के साथ.साथ अनेक किस्म की सेवाएं प्रदान करेंगे। साइट पर ही व्यापक मरम्मत सेवाओं की पेशकश करके सिएट बाइक मोबाइल क्रू यह सुनिश्चित करता है कि सवार अपनी सुरक्षा से समझौता किए बिना अपनी यात्रा फिर से शुरू कर सकते हैं चाहे वह स्थान कितना भी दूरस्थ क्यों न हो। सिएट लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर लक्ष्मी नारायणन बी ने कहा सिएट बाइक मोबाइल क्रू को लॉन्च करते हुए हम बहुत उत्साहित हैं। यह एक अभिनव बाइक मरम्मत सेवा है जो दूरदराज के क्षेत्रों में बाइकर्स की जरूरतों को पूरा करती है। हमने देखा है कि इन क्षेत्रों में बाइकर्स के सामने अनेक चुनौतियां आती हैं और इनमें से सबसे पहली चुनौती है प्रोफेशनल लोगों तक पहुंचना। मोबाइल नेटवर्क नहीं मिलने से ऐसी मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। इस अभूतपूर्व सेवा के साथ हमारा लक्ष्य इन समस्याओं को कम करना है ताकि सबसे कठिन स्थानों पर भी सवार समय पर मरम्मत और रखरखाव प्राप्त कर सकें। बाइकर्स अब अपने सामने आने वाली मुश्किलों को तेजी से हल करने के लिए सिएट बाइक मोबाइल क्रू की कुशल टीम की विशेषज्ञता पर भरोसा कर सकते हैं। इस तरह वे अपने बाइकिंग अनुभव को और बेहतर बना सकते हैं और सबसे चुनौतीपूर्ण इलाकों में अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।समर्पित बाइक मोबाइल क्रू टीम में एक प्रोग्राम मैनेजर,कुशल मैकेनिक,ड्राइवर और एक सहायक/सह चालक शामिल हैं।

# रामबाण बनी पांगी व लाहौल के पहाड़ों की जड़ी बूटियों से तैयार पेट मित्र

**टीम एक्शन इंडिया/केलांग/नरेंद्र अंगारिया**

पांगी तथा लाहौल की 8 से 10 हजार फीट पर स्थित उंची पहाडि ?ीं पर पाई जाने वाली जड़ी बूटियों से तैयार पेट मित्र औषधी न सिर्फ प्रदेश बल्कि देश के कई भागों के अलावा देश से बाहर भी लोगों के लिए काफी गुणकारी साबित हो रही है। इसका जिक्र भी लोग करते हुए बाकायदा आभार जताते हैं। इन वैद्य की मानें तो कुल्लू दशहरे के दौरान पीएमओ में कार्यालय एक वरिष्ठ अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने उनसे दवाई ली थी तथा करीब 10 दिन पहले उन्हें न सिर्फ जम्मू आने का न्यौता दिया बल्कि उनको कुछ वैज्ञानिकों से भी मिलवाया तथा उन्हें निर्देश भी दिए कि पांगी जाकर इन औषधियों पर रिसर्च करें ताकि और लोगों को भी इस ओषधी का लाभ मिल सके। देश भर में लगने वाले सरस मेलों तथा प्रदर्शनियों में सरकार की ओर से बाकायदा पत्र लिख कर इस वैद्य को अपनी दवाई लोगों तक पहुंचाने के लिए फ्री स्टाल तथा रहना खाना उपलब्ध करवाते हैं।

पांगी के एक्स सर्विसमैन विपन चंद अपने दादा तथा पांगी क्षेत्र के जाने माने देशी वैद्य वीरबल ठाकुर की चिकित्सा पद्धति को आगे बढ़ा रहे हैं। बताते चलें कि ये औषधी गरूणू सैंसी व पिथकड़ू नाम की जड़ी बूटियों से तैयार की जाती है।

# नाहन-कुमारहट्टी एनएच-907 ए का टेक्निकल सर्वे शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



एनएच-907 ए नाहन-कुमारहट्टी मार्ग के सुधारीकरण को लेकर टेक्निकल सर्वे का कार्य शुरू हो गया है। इस सर्वे में मार्क टेक्नोक्रेट हरियाणा की कंपनी के 8 कुशल इंजीनियर जुटे हुए हैं। कंपनी को टेक्निकल सर्वे रिपोर्ट के लिए 10 महीने का समय दिया गया है। इस टेक्निकल रिपोर्ट में कंपनी के द्वारा यह भी देखा जा रहा है कि इसकी जद में सरकारी और प्राइवेट लैंड कितनी आएगी। इसके साथ-साथ मार्को 10 फुट अतिरिक्त चौड़ा किया जाने को लेकर कितने पेड़ों को काटने की अनुमति भी लेनी होगी। तमाम खर्चा और तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत रिपोर्ट बनाए जाने के बाद इसकी डीपीआर तैयार की जाएगी। डीपीआर के तैयार होते ही एनएच-907ए के चौड़ा किए जाने का कार्य भी शुरू हो जाएगा। टेक्निकल सर्वे टीम यह भी देख रही है कि इस एनएच के सफर को और अधिक आरामदायक कैसे बनाया जा सकता है।

यही नहीं एनएच पर कम से कम दुर्घटनाएं हो इसको लेकर भी सुरक्षा पैरामीटर्स को भी शामिल किया जाएगा। बता दें कि इस सडक की डीपीआर के बनने के बाद एनएच-907ए और एनएच-07 की कनेक्टिविटी भी हो जाएगी। एनएच बनोग से कुमारहट्टी तक 73 किलोमीटर सडक है। जिसमें दोनों एनएच की कनेक्टिविटी में नाहन शहर का तंग रोड सबसे बड़ी बाधा है। जिसमें शहर से यदि मार्ग को चौड़ा किया जाता है और साथ ही बनोग से धार कयारी को भी शामिल किया जाता है तो इसकी टेक्निकल रिपोर्ट में कितना खर्चा बनता है। अभी-अभी यह खर्चा मुआवजे के रूप में बहुत ज्यादा बनेगा तो बाईपास के लिए सुरंग सबसे बेस्ट अल्टरनेट माना जा सकता है। अभी इस एनएच की मौजूदा चौड़ाई 20 फुट के लगभग है। नए सर्वे में यह सडक 10 फुट अतिरिक्त चौड़ी हो जाएगी।

# देवधार में बेटियों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की परियोजना गोहर में पर्यवेक्षक वृत खारसी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला देवधार में किशोरियों को व्यक्तिगत स्वच्छता व हाईजीन बारे जागरूकता शिविर का आयोजन आयोजित किया गया। इस अवसर में स्कूल प्रिंसिपल कुवेर दत्त ने बच्चों को नशे से दूर रहने बारे आवाह्न किया। प्रवक्ता जयोति प्रकाश ने किशोरियों को पौष्टिक आहार की जानकारी दी। डॉ. विक्रम शर्मा को पर्सनल हाईजीन व सेनेटरी पैड के सही इस्तेमाल व निष्पादन बारे जानकारी दी।कार्यक्रम संयोजक पर्यवेक्षक संदीप चौहान ने किशोरावस्था व किशोरियों में हार्मोन्स परिवर्तन की जानकारी देते हुए व्यक्ति स्वच्छता बारे जागरूक किया।उन्होंने कहा कि व्यकितत्व के विकास के लिए स्वच्छता अनिवार्य है।इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना व मासिक धर्म स्वच्छता पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम पूर्वा एयाचना द्वितीय व गुंजन तृतीय स्थान पर रही।

# लोक निर्माण विभाग कटरांई मंडल को सरकार ने दी जेसीबी

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग कटराई मंडल को सरकार ने जेसीबी मुहैया करवाई है। आज शनिवार को स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कटराई में विधिवत पूजा अर्चना कर जेसीबी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भुवनेश्वर गौड़ ने अधिकारियों के साथ बैठक भी की और इलाके के विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विभाग को जेसीबी मिलने से अब सड़कों के निर्माण कार्य में तेजी आएगी।

# सरकार के मंत्रियों एवं राजनीतिक सलाहकारों के बयानो को पढकर बहुत मानसिक कष्ट लगा: भाजपा





**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं विधायक राकेश जम्वाल, पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर, विधायक विनोद कुमार, इंद्र सिंह गांधी, दलीप ठाकुर, पूर्ण चंद ठाकुर ने संयुक्त बयान में कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के मंत्रियों एवं राजनीतिक सलाहकारों के बयानो को पढकर बहुत मानसिक कष्ट लगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में एक जघन्य हत्याकांड हो गया। एक दलित परिवार के युवा की हत्या करके आरे से उसके शरीर के टोटे-टोटे कर दिए गए और सरकार इस गंभीर मामले को मामूली घटना, ईक्का-दुक्का घटना कहकर अपना पल्ला झाड़ रही है।

उन्होनें कहा कि कांग्रेस पार्टी एक्शन में आने की बजाए भाजपा पर दोषारोपण करने में जुट गई है। कांग्रेस सरकार के वन मंत्री इस प्रकार के भयावह हत्याकांड की जिम्मेदारी पुरानी सरकार पर डालने में लगे हैं। कांगड़ा के वरिष्ठ मंत्री मीडिया के सामने मुकर गए कि मुझे इस बारे में कुछ पता नहीं है, पता करूंगा कि क्या हुआ है और कहा कि इस तरह की ईक्का-दुक्का घटनाएं तो होती रहती है। भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय को जिस समय इस घटना को गभीरता से लेते हुए इस पर ठोस कार्यवाही करनी चाहिए थी, उस समय वे विभागों के फेर बदल में लगे हुए थे, उन्हें प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था की कोई चिंता नहीं थी। भाजपा नेताओं ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार जो सुखविन्द्र सुक्खू के नेतृत्व में चल रही है, ने न तो उस दलित परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की और न ही इस जघन्य हत्याकांड के पीछे जो बड़ा अतीक अहमद जैसा साम्राज्य है, उस पर कोई चोट करने की बात की। उन्होनें कहा कि इससे भी बढकर दुख का विषय यह है कि मुख्यमंत्री को आज तक पीड़ित परिवार से मिलने जाने का समय नहीं मिला।

# कालाअंब में पानी पाईप बिछाने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



कालाअंब के खारी इलाके में जमीनी विवाद और जलशक्ति विभाग की पेयजल पाइप लाइन बिछाने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट में एक दर्जन लोग घायल हो जाने का समाचार मिला है। झगड़े में घायल हुए लोगों का मेडिकल कालेज नाहन में उपचार किया जा रहा है। पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों में क्रॉस मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार पीने के पानी की पाइपलाइन बिछाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआए जो बाद में खूनी संघर्ष में बदल गया था। बताया जा रहा है को दोनों पक्षों में डंडे और पत्थर चले, जिसमें महिलाओं समेत कई लोग घायल हुए हैं। जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं। घायलों में लियाकत अली, सलामुद्दीन, इसरान, अयुब, गुली मोहम्मद, इलियास, जबकि दूसरे गुट में पुरवान, शमजिदा व जुलिया समेत लगभग एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। झगड़े की किस घटना के बाद पीड़ित पक्ष के लोगों ने घटनास्थल पर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंचकर मामले को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर एसडीएम नाहन रजनेश कुमार व एएसपी सोमदत्त भी पहुंचे और दोनों पक्षों से बातचीत की कोशिश की। फिलहाल पुलिस व प्रशासन की कार्रवाई जारी थी। एएसपी सिरमौर सोमदत्त ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आपस में हुए इस झगड़े में क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

# नशीली दवाओं के दुरुपयोग विरूद्ध चलेगा जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**



नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध 26 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय दिवस के तहत राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर नशा-निवारण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें जिसके अंतर्गत जिला किन्नौर में 19 जून से 25 जून, 2023 तक सात दिवसीय नशा-निवारण व अवैध तस्करी से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

किन्नौर जिला के उपायुक्त सभागार में उपायुक्त तोरूल एस रवीश की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला कल्याण अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जिला के सभी शैक्षिणक संस्थानों को नशा-मुक्त हिमाचल के तहत लाया जाएगा व नशे से दूर रहने संबंधित विभिन्न प्रचार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला के तीनों विकास खण्डों में स्वास्थ्य वार्ता नशीली दवाओं के दुरुपयोग संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान के तहत जिला के सभी विद्यालयों व अन्य शैक्षिणक संस्थानों को तम्बाकू उत्पादों रहित बनाने पर विशेष बल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 21 जून, 2023 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर होने वाले जिला स्तरीय विशेष योग शिविर में नशा-निवारण व अवैध तस्करी को समाप्त करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 19 जून से पंचायत स्तर पर सात दिवसीय व्यापक भांग उन्मूलन गतिविधियां आयोजित कर भांग उखाड़ो कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 19 जून से सभी विद्यालयों व शैक्षिणक संस्थानों में एंटी ड्रग इलिसिट ट्रैफिकिंग व नशा मुक्त हिमाचल थीम पर भाषण, प्रशनोत्तरी व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी तथा नशा निवारण संबंधित जागरूकतह रैलियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 26 जून, 2023 को सम्मनित किया जाएगा। बैठक की कार्यवाही का संचालन जिला कल्याण अधिकारी गावा सिंघे नेगी ने किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सोनम नेगी, परियोजना अधिकारी ग्रामीण विकास अभिकरण विजय ब्रागटा, जिला युवा अधिकारी अतुल शर्मा, प्राचार्य डाईट कुलदीप नेगी व उपनिदेशक उच्चतर सुरेंद्र नेगी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नेहर स्वार में उचित मूल्य की दुकान में लोगों को महीने में दो दिन मिल रहा राशन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



ग्राम पंचायत नेहर सवार में उचित मूल्य की दुकान में सस्ता राशन डीलर 1 साल से समय पर नहीं मिल रहा है। उचित मूल्य के जो संचालक थे उनका देहांत 1 साल पहले हो चुका है। लोगों में बहुत ज्यादा निराशा है कि उचित मूल्य का समान समय पर नहीं मिलता है। लोगों ने बताया कि 20 तारीख और 25 तारीख के बाद राशन आता है और महीने में 2 दिन ही दुकान खुलती है। लोगों को इन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने विभाग से निवेदन किया है कि इसका समाधान करके किसी स्थानीय निवासी को उचित मूल्य की दुकान का संचालन करने के लिए अनुमति दें। लोगों ने बताया कि दूर-दूर से आए लोगों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े क्योंकि लोग 2 सालों से इसका दंश झेल रहे हैं और इस उचित मूल्य की दुकान पर लोगों को बहुत दूर से आना पड़ता है। राशन न मिलने के कारण लोग दिन भर बैठ कर वापस चले जाते हैं जिसे लोगों को बहुत ज्यादा दिक्कत हो रही है। डीएफएससी विजय कुमार से जब इस बारे बात की तो उन्होंने बताया कि नहर स्वार स्थित उचित मूल्य की दुकान के लिए विज्ञापन जारी किया हुआ है और जल्दी ही उस दुकान को चलाने के लिए व्यक्ति की नियुक्ति की जाएगी ताकि स्थानीय लोगों की समस्याएं दूर हो जाएं और उन्हें राशन का सामना नियमित रूप से मिल सके।

# सरस्वती पैराडाइज में छोटे बच्चों द्वारा किया गया कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन

## प्रतियोगिता के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य मनदीप राणा ने विजेताओं को बधाई दी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों में कविता की महक फैलाने के लिए कक्षा 1-3 के छात्रों के लिए स्कूल में इंट्रा क्लास हिंदी और अंग्रेजी कविता वाचन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। हमारे युवा कविता वाचकों को बड़े जोश, उत्साह के साथ अपने गायन कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिला और उन्होंने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी को चकित कर दिया। गायन से



मनोदशा, उच्चारण और भावों में उत्कृष्ट था। प्रतिभागियों को प्रस्तुति कौशल, आवाज, हावभाव आदि जैसे विभिन्न मापदंडों पर आंका गया। न्यायाधीशों को गायन से मंत्रमुग्ध कर दिया गया। कविता का वाचन करने वाले प्रत्येक छात्र के पास साझा करने और प्रस्तुत करने के लिए कुछ अलग था। निर्णायकों को विजेताओं का फैसला करने में खासी मशक्कत करनी पड़ी।

प्रतियोगिता के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य मनदीप राणा ने विजेताओं को बधाई दी और प्रतियोगिता के लिए छात्रों को तैयार करने में माता-पिता और शिक्षकों द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने शिक्षकों को सुझाव दिया कि छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए इस तरह की गतिविधियों को नियमित आधार पर आयोजित किया जाना चाहिए।

# कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक

**8 मनोहर हत्याकांड को ले कर जिला भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन**

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
चम्बा जिला में हुए मनोहर हत्याकांड के रोष स्वरूप आज जिला भाजपा ने जिला मुख्यालय पर बिरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी मैदान से ले कर जिलाधीश कार्यालय तक बिरोध प्रदर्शन के उपरान्त जिला अध्यक्ष भीमसेन शर्मा की अध्यक्षता में जिलाधीश के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।इससे पूर्व ढालपुर के मुख्य चौक पर बिरोध रैली को संबोधित करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री गोबिंद ठाकुर ने बताया कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस नित सरकार में प्रदेश की कानून



व्यवस्था चिंता जनक है।कानून व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है।जिसका ताजा उदाहरण चम्बा जिला का मनोहर हत्या कांड है, जिसमें हिंदू युवक की दिन दिहाड़े हत्या करके उसके शरीर के आठ टुकड़े करके बोरे में बांध कर नाले में दबाया गया। उन्होंने इस बात का भी कड़ा विरोध किया जब पूर्व मुखमंत्री एवम् नेता प्रतिपक्ष, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर राजीव बिंदल जब पीड़ित परिवार को सांत्वना देने चंबा पहुंचे तो ताना शाह सरकार ने उन्हे पीड़ित परिवार से मिलने नहीं दिया।उन्हें रास्ते में रोका गया।जिसकी उन्होंने कड़े शब्दों में निंदा की।उन्होंने सिलसिले बार से जिला कुल्लू में हुई घटनाओं के बारे में चर्चा की जिसमें प्रदेश सरकार कटघरे में खड़ी दिखी।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भीमसेन शर्मा, पूर्व सांसद महेश्वर सिंह, ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर, बृष्ठ नेता नरोतम ठाकुर ने भी प्रदर्शन को संबोधित किया।

## हिमालयन बुद्धिष्ठ कल्चरल स्कूल में जागरुकता शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**
हिमालयन बुद्धिष्ठ कल्चरल स्कूल 15 मील में शनिवार को जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पर्यावरण विद एवं हिमालयन वन्य प्राणी सुरक्षा समिति के अध्यक्ष किशन लाल ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उनकी बेटी कल्पना ठाकुर भी मौजूद रही। जागरुकता शिविर में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पर्यावरण विद किशन लाल ठाकुर ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने का आहवान किया।

# नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ गतिविधियां होंगी आयोजित

**8 उपायुक्त कार्यालय सभागार कक्ष में जिला पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई**

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
लाहौल स्पीति में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ 1 सप्ताह तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। केलांग मुख्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताह भर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों को लेकर उपायुक्त



कार्यालय सभागार कक्ष में जिला पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन सहायक आयुक्त संकल्प गौतम ने करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की 19 से 26 जून तक लाहौल में विभिन्न गतिविधियों के सफल आयोजन में विभिन्न स्कूली छात्र-छात्राओं, महिला एवं युवक मंडल, गैर सामाजिक संस्थाओं, नेहरू युवा केंद्र, आंगनवाड़ी केंद्र, आशा वर्कर पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका से विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 19 तारीख को प्रातः 7बजे से 9 बजे तक शकस नाला से कमाण्डर नाला व पुलिस लाइन ग्राउंड तक ड्रग्स के विरु दौड़ष्का आयोजन किया जा रहा है रन एंड वाक पंजीकरण के लिए जारी नम्बर 7018917873 पर संपर्क करें। रन एंड वॉक में हर वर्ग के प्रतिभागी भाग लेंगे, प्रथम तीन स्थान के स्कूली 3 छात्रों व 3 छात्राओं तथा अन्य वर्ग के 3 महिलाओं व 3 पुरुषों व अन्य प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाएगा, विभिन्न स्कूलों में आठवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ मुहिम को लेकर ग्रुप डिस्कशन व डिबेट में भाग लेंगे। केलांग जिम्नेजियम हाल में इंडोर गेमज भी करवाई जाएंगी। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम केलांग में बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद कार्यक्रम भी आयोजित होगा और 22 तारीख को विभिन्न विद्यालयों में स्लोगन राइटिंग, पेंटिंग व डिवेट आयोजित की जायगी, 23 जून को स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे और आंगनवाड़ी वर्कर भी जिसमें शामिल रहेंगे। इसी तरह से 24 जून को सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ विभिन्न विद्यालयों के बच्चों की नशीली दवाइयों के दुरुपयोग पर विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### शहत गिल ने सोनी म्यूजिक के साथ डांस पॉप सिंगल 'पागल ए' लॉन्च किया

**शिमला:** उभरती हुई पॉप कलाकार शहत गिल ने सोनी म्यूजिक के साथ शुरूआत करते हुए अपना बेहतरीन पंजाबी पॉप ट्रैकपागल ए पेश किया है, जिसमें एमटीवी हसल 2.0 कलाकार पैंथर ने भी काम किया है। इस गीत में शहत गिल की शानदार आवाज और पैंथर की अतुलनीय ऊर्जा का प्रदर्शन है।इन दोनों प्रतिभाओं ने मिलकर इस गीत में संगीत का एक अनोखा अहसास उत्पन्न किया है। इस गठबंधन का उद्देश्य दर्शकों के सामने समकालीन पॉप और पंजाबी गीत का एक बेहतरीन मिश्रण पेश करना है।कप्तान द्वारा लिखे गए और आशु सिद्धू द्वारा कंपोज किए गए पागल ए में पैंथर के देसी रैप के बोलों के साथ शानदार बीट्स हैं, जो दर्शकों को बहुत पसंद आएंगी और यह गीत उनके बीच हिट हो जाएगा। इस गीत का मोहक वीडियो उदयपुर में फिल्माया गया है। इस वीडियो के ट्रैक में गीत के सार के साथ शहत गिल और पैंथर ने हाई-एनर्जी परफॉरमेंस दी है।

### न्यूगो दे रहा है यात्रियों को मिसाल सफर का अनुभव

**शिमला:** ग्रीनसेल मोबिलिटी की ओर से भारत का सबसे बड़े प्रीमियम इलेक्ट्रिक बस ब्रांड, न्यूगो, यह सुनिश्चित करता है कि इस बस में सफर करने वाले यात्रियों को फ्लाइट में सफर करने जैसा अनुभव मिले। न्यूगो यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ एकदम नए जमाने की टेक्नोलॉजी और बेमिसाल सेवाओं पर बल देते हुए, सफर की शुरूआत से लेकर अंत तक ग्राहकों की संतुष्टि को सबसे ज्यादा अहमियत देता है। न्यूगो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में सबसे आगे है, जिसका उद्देश्य यात्रियों की सहूलियत और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए बिना शोर-गुल वाले, पर्यावरण के अनुकूल और तकनीकी रूप से उन्नत इलेक्ट्रिक बसों की पेशकश के माध्यम से लोगों के आवागमन के तरीके में बड़े पैमाने पर बदलाव लाना है।न्यूगो ने सफर को आरामदेह बनाने के लिए सभी चीजों को एक समान अहमियत देते हुए अपने ग्राहकों का भरोसा कायम रखा है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक कदम उठाए गए हैं, क्योंकि यही ब्रांड की सबसे पहली प्राथमिकता है। इसलिए हर बार बस को रवाना किए जाने से पहले 25 इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल जाँच की प्रक्रिया पूरी की जाती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि बसें सफर के लिए सबसे बेहतर स्थिति में हैं। इसके अलावा, बस और उसके ड्राइवरों पर हमेशा नजर रखने के लिए रीयल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम की सुविधा भी लगाई गई है, ताकि किसी भी अप्रत्याशित घटना के मामले में समय पर प्रतिक्रिया दी जा सके। इसके अलावा, किसी भी दुर्घटना को रोकने के लिए ब्रांड की सभी बसों में ।ॅ। (एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम) नामक अत्याधुनिक टक्कर-रोधी प्रणाली भी लगाई गई है। सभी कोच स्पीड लॉक से सुसज्जित हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि ड्राइवर बस को 80 किमी प्रति घंटे से अधिक रफ़्तार पर नहीं चला सके। ब्रांड की ओर से प्रस्थान से पहले अपने बस चालकों का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट भी किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उन्होंने शराब या किसी मादक पदार्थ का सेवन नहीं किया है। देवेंद्र चावला, सीईओ एवं एमडी, ग्रीनसेल मोबिलिटी ने कहा कि न्यूगो में हम मानते हैं कि, सतत परिवहन का भविष्य सही मायने में इनोवेशन और ग्राहकों को सबसे ज्यादा अहमियत देने पर निर्भर है। भारत के सबसे बड़े प्रीमियम इलेक्ट्रिक बस ब्रांड होने के नाते, हमें इस बात का गर्व है कि हम अपने मूल्यवान ग्राहकों को बेहतरीन सफर का अनुभव प्रदान करते हैं। बिल्कुल नए जमाने की टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल और अव्वल दर्जे की सुविधाएं उपलब्ध कराने के अपने अटल इरादे के साथ, हम सुरक्षा, सहूलियत और पर्यावरण के प्रति सजगता को एक साथ लाकर लोगों के आवागमन के तरीके को नया रूप देना चाहते हैं। न्यूगो केवल परिवहन का साधन नहीं है; बल्कि यह हरे-भरे और स्मार्ट भारत के लिए हमारे विजन की चलती-फिरती मिसाल है।

### होण्डा मोटर साइकिल ने आयोजित किया सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान

**सोलन:** भारत में सुरक्षित राइडिंग की आदतों के निर्माण की आवश्यकता पर जोर देते हुए होण्डा मोटर साइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने सोलन हिमाचल प्रदेश में अपने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान को आगे बढ़ाया। सड़क सुरक्षा होण्डा के लिए विश्वस्तरीय प्राथमिकता है।गवर्नमेन्ट ब्वॉयज सीनियर सैकण्डरी स्कूल सोलन में आयोजित इस तीन दिवसीय कैम्प में 2200 अधिक स्कूली छात्रों एवं स्टाफ के सदस्यों ने हिस्सा लिया और सुरक्षित राइडिंग के गुर सीखे। एचएमएसआई के रोड सेफ्टी इंस्ट्रक्टर्स ने प्रतिभागियों की उम्र को ध्यान में रखते हुए उचित सड़क सुरक्षा लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से सभी को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक बनाया। विनय ढींगरा. सीनियर डायरेक्टर एचआर एडमिन आईटी एण्ड कॉर्पोरेट अफेयर्स होण्डा मोटर साइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा बच्चे आज एवं आने वाले कल के सड़क सुरक्षा दूत हैं। इस उम्र में सही ज्ञान मिलने से वे सड़क का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित होते हैं।अपने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहतए हम जीवन के सभी वर्गों को कवर करते हुए देश भर में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुकता बढ़ाना चाहते हैं।

# 19 से 25 जून तक भांग एवं अफीम के पौधों को नष्ट करने के लिए चलाया जाएगा अभियान

## 26 जून को जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री दिलाएंगे नशा निवारण की शपथ



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने बताया कि 19 जून से 25 जून तक पंचायत स्तर पर भांग एवं अफीम के पौधों को नष्ट करने को लेकर व्यापक अभियान चलाया जाएगा। उपायुक्त आज यहाँ अपने कार्यालय में 26 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य निवारण दिवस के संदर्भ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 26 जून को होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश नशा निवारण हेतु होटल पीटरहॉफ से विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों को वर्चुअल माध्यम से शपथ दिलाएंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान को विभिन्न विभागों के सहयोग से जमीनी स्तर तक ले जाया जायेगा। इसके साथ ही जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत सभी विभाग अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हेशटेग नशा मुक्त हिमाचल का प्रचार प्रचार करेंगे तथा तहसील स्तर पर होर्डिंग प्रदर्शित कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी शिक्षण संस्थानों में मादक द्रव्य निवारण एवं नशा मुक्त हिमाचल शीर्षक से विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जाएंगी जिनमें मुख्यत भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, जागरूकता रैली आदि शामिल रहेंगी। इन प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले प्रतिभागियों को 26 जून को जिला स्तरीय कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जायेगा।

## मनोहर हत्याकांड को लेकर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने भेजा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
जिला के बहुचर्चित मनोहर की निर्मम हत्या कांड को लेकर शनिवार को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने उपायुक्त के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा उसके बाद पत्रकार वार्ता मैं इसका खुलासा भी किया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष लियाकत खान ने कहा कि मनोहर की निर्मम हत्या को अंजाम देते हुए तथा हैवानियत की सभी हदें पार करते हुए अपराधियों ने जो अपराध किया है उससे समाज का हर वर्ग स्तबध है तथा इसे जानकर हर वर्ग की भावनाओं का भडकना लाजमी है।

# अभिनेता सोनू सूद ने प्रशंसकों को दिए ऑटोग्राफ

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**
कुल्लू मनाली में शूटिंग के लिए पहुंचे अभिनेता सोनू सूद के फुरसत में प्रशंसकों के साथ फोटोग्राफी की। टीवी शो रोडीज शूटिंग के लिए पूरी टीम मनाली पहुंच गई है, वहीं, बॉलीवुड स्टार सोनू सूद रोडीज की शूटिंग के लिए मनाली पहुंचे हैं। यहां पर बड़ागढ़ रिजॉर्ट में रुके हुए हैं। शनिवार को अभिनेता सोनू सूद फुर्सत के पलों में अपने प्रशंसकों के साथ मिले और फोटो खिंचाई। फिल्म यूनिट से मिली जानकारी के अनुसार करीब एक सप्ताह तक मनाली और लाहुल की वादियों में टीवी शो की शूटिंग की जाएगी। ताज बड़ागढ़ रिजॉर्ट के



संचालक नकुल खुल्लर ने कहा कि एक सप्ताह तक मनाली और लाहुल की हसीन वादियों में टीवी शो रोडीज के सीन फिल्माएं जाएंगे। वहींए सोनू सूद ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल में कसरत की वीडियो भी डाली है। जो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही है। इस दौरान लॉरेंस स्कूल सनावर के हेड मास्टर हिम्मत ढिल्लो, रमन ढिल्लो, आफरीन ढिल्लो, गुनाल खुल्लर सोनू सूद से मिले और फोटो खिंचाई।

# सिरमौर में होगा राज्य स्तरीय 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय समारोह सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में आगामी 21 जून को आयुष विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा। उद्योग, आयुष व संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान समारोह के मुख्य अतिथि होंगे जबकि नाहन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे। योग दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सुमित खिमटा की अध्यक्षता में आज उनके कार्यालय सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन तमाम पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई जो समारोह को भव्य व सफल बनाने



में कारगर होंगे। उपायुक्त ने कहा कि योग दिवस में शहर के विभिन्न स्कूलों, आर्ट ऑफ लिविंग, सत्य साईं समिति, पतंजलि सहित विभिन्न संस्थाओं के 1000 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। समस्त प्रतिभागियों को प्रातः 5:30 बजे नाहन चौगान में पहुंचने का आग्रह किया गया है। उन्होंने जिला आयुर्वेद अधिकारी को योग में भाग लेने वाले स्कूलों, संस्थाओं व अन्य समस्त प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के निर्देश दिये। सुमित खिमटा ने कहा कि जिला के लिए यह सौभाग्य की बात है कि इस बार राज्य स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की मेजबानी करने का अवसर सिरमौर के लिये प्राप्त हुआ है। समस्त प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि हर्षवर्धन चौहान व गणमान्य अतिथियों के साथ योग करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। उपायुक्त ने कहा कि योग करने वाले समस्त प्रतिभागियों के लिये चौगान मैदान में योग के लिये दरी व मैट इत्यादि की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा, पानी तथा लाइट रिफ्रेशमेंट का भी प्रबंध किया जाएगा ताकि योग प्रदर्शन सुविधाजनक तरीके से किया जा सके।

प्रतिभागियों से यह भी अपील की गई है कि वे सफेद टी-शर्ट अथवा ट्रैक सूट पहनकर आएं ताकि योग करने में सुविधा हो। सुमित खिमटा ने लोगों से योग दिवस में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जीवन शैली में आ रहे बड़े बदलाव के चलते योग की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है।

# मनोहर हत्याकांड को लेकर भाजपा सहित अन्य हिंदूवादी संगठनों ने किया जिले मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
शनिवार को भांदल क्षेत्र में मनोहर की निर्मम हत्या के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर अन्य हिंदू संगठनों ने भी प्रदर्शन में शामिल होकर जिला मुख्यालय में जोरदार हल्ला बोला तथा इस हत्याकांड के दोषियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग सहित इसकी जांच एनआईए के सुपुर्द करने की मांग उठाई। कांगड़ा चंबा लोक सभा के भारतीय जनता पार्टी सह प्रभारी राजीव भारद्वाज के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने पूरे बाजार का चक्कर लगाया तथा प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने इस संदर्भ में उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राज्यपाल तथा भारत सरकार को ज्ञापन भेजा। उसके बाद एक पत्रकार वार्ता में बोलते हुए राजीव भारद्वाज ने कहा कि पिछले कल भाजपा शीर्ष नेतृत्व जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल थे वह मनोहर के घर संवेदना प्रकट करने जा रहे थे तो रास्ते में ही उन्हें रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि इस जघन्य हत्याकांड के चलते इस दुख की घड़ी में हम उस परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक मदद भी करना चाह रहे थे मगर पुलिस प्रशासन ने आगे जाने से उन्हें रोक दिया गया जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को यह भी अवगत करवाया गया की किसी भी प्रकार कि कोई ऐसी



बात नहीं होगी जिससे कि माहौल खराब हो वह शांतिपूर्ण तरीके से जाएंगे तथा वापस आ जाएंगे पर उनकी बात नहीं मानी गई। जब यह बात हुई तो मजबूरन वापस लौटना पड़ा और फैसला हुआ कि शनिवार को पूरे प्रदेश के हर जिला में यह प्रदर्शन किया जाएगा तथा राज्यपाल तथा भारत सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा उसी के चलते यह रोष रैली निकाली गई है। उन्होंने कहा कि कहां तो यह चाहिए था कि इतनी बड़ी घटना घटने के बाद मुख्यमंत्री स्वयं चंबाआकर उस परिवार से मिलते ऐसा नहीं हुआ जबकि इस दौरान उनके मंत्रिमंडल के एक सहयोगी चंबा में ही थे वह भी परिवार से मिलने नहीं गए और अब शिमला से बयान बाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस घृणित कांड निंदा करते हुए मुख्यमंत्री से यह मांग करती है कि वह इस मामले को एनआईए के हवाले करें उन्हें एसआईटी मंजूर नहीं। इस हत्याकांड के पीछे और क्या-क्या बातें हैं वह एनआईए की जांच में ही सामने आप पाएंगी इसकी गहनता से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह शांतिप्रिय प्रदेश है तथा यहां दोनों समुदाय प्रेम से रहते हैं और आगे भी रहेंगे मगर हर समुदाय में कुछ लोग ऐसे होते हैं जो गलत मानसिकता के होते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का भी यही मानना है की आपसी सौहार्द कायम रहे तथा जिन लोगों ने यह जघन्य अपराध किया है उन्हें कड़ी से कड़ी सजा तथा फांसी की सजा दी जाए। राजीव भारद्वाज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने यह निर्णय लिया है कि इस परिवार की आर्थिक सहायता के लिए उसे 5 लाख रुपए दिए जाएं। उन्होंने कहा कि हम राजनीति नहीं कर रहे राजनीति तो कांग्रेस के लोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा अगर उनकी इन मांगों को नहीं माना गया तो आने वाले समय में प्रदेश हाईकमान के निदेर्शानुसार अगली कार्रवाई जो भी हो सब इसमें शामिल रहेंगे। इस मौके पर चंबा कांगड़ा लोक सभा के पूर्ण कालीन विस्तारक राजपाल जिला भाजपा अध्यक्ष जसवीर नागपाल चुरा के भाजपा विधायक हंसराज डलहौजी के भाजपा विधायक डी एस ठाकुर पूर्व विधायक विक्रम जुयाल भरमौर के भाजपा विधायक डॉक्टर जनक राज चंबा के भाजपा नेता पवन नैयर सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## संपादकीय

# वीरोचित भाव जगाए मातृशक्ति

**वीरांगना** नाम सुनते ही हमारे मन-मस्तिष्क में रानी लक्ष्मीबाई की छवि उभरने लगती है। भारतीय वसुंधरा को अपने वीरोचित भाव से गौरवान्वित करने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सच्चे अर्थों में वीरांगना ही थीं। वे भारतीय महिलाओं के समक्ष अपने जीवनकाल में ही ऐसा आदर्श स्थापित करके विदा हुईं, जिससे हर कोई प्रेरणा ले सकता है। वे वर्तमान में महिला सशक्तिकरण की जीवंत मिसाल भी हैं। कहा जाता है कि सच्चे वीर को कोई भी प्रलोभन अपने कर्तव्य से विमुख नहीं कर सकता। ऐसा ही रानी लक्ष्मीबाई का जीवन था। उन्हें अपने राज्य और राष्ट्र से एकात्म स्थापित करने वाला प्यार था। वीरांगना के मन में हमेशा यह बात कचोटती रही कि देश के दुश्मन अंग्रेजों को सबक सिखाया जाए। इसी कारण उन्होंने यह घोषणा की कि मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। इतिहास बताता है कि इस घोषणा के बाद रानी ने अंग्रेजों से युद्ध किया।

वीरांगना लक्ष्मीबाई के मन में अंग्रेजों के प्रति किस कदर घृणा थी, वह इस बात से पता चल जाता है कि जब रानी का अंतिम समय आया, तब ग्वालियर की भूमि पर स्थित गंगादास की बड़ी शाला में रानी ने संतों से कहा कि कुछ ऐसा करो कि मेरा शरीर अंग्रेज न छू पाएं। इसके बाद रानी स्वर्ग सिधार गईं और बड़ी शाला में स्थित एक झोपड़ी को चिता का रूप देकर रानी का अंतिम संस्कार कर दिया। और अंग्रेज देखते ही रह गए। हालांकि इससे पूर्व रानी के समर्थन में बड़ी शाला के संतों ने अंग्रेजों से भीषण युद्ध किया, जिसमें 745 संतों का बलिदान भी हुआ, पूरी तरह सैनिकों की भांति अंग्रेजों से युद्ध करने वाले संतों ने रानी के शरीर की मरते दम तक रक्षा की। जिन महापुरुषों के मन वीरोचित भाव से भरा होता है, उसका लक्ष्य सामाजिक उत्थान और राष्ट्रीय उत्थान ही होता है। वह एक ऐसे आदर्श चरित्र को जीता है, जो समाज के लिए प्रेरणा बनता है। इसके साथ ही वह अपने पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सदैव आत्मविश्वासी, कर्तव्य परायण, स्वाभिमानी और धर्मनिष्ठ होता है। ऐसी ही थीं महारानी लक्ष्मीबाई। उनका जन्म काशी में 19 नवंबर 1835 को हुआ। इनके पिता मोरोपंत ताम्बे चिकनाजी अप्पा के आश्रित थे। इनकी माता का नाम भागीरथी बाई था। महारानी के पितामह बलवंत राव के बाजीराव पेशवा की सेना में सेनानायक होने के कारण मोरोपंत पर भी पेशवा की कृपा रहने लगी। लक्ष्मीबाई अपने बाल्यकाल में मनु व मणिकर्णिका के नाम से जानी जाती थीं। सन् 1850 मात्र 15 वर्ष की आयु में झांसी के महाराजा गंगाधर राव से मणिकर्णिका का विवाह हुआ। एक वर्ष बाद ही उनको पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। लेकिन चार माह पश्चात ही उस बालक का निधन हो गया। राजा गंगाधर राव को तो इतना गहरा धक्का पहुंचा कि वे फिर स्वस्थ न हो सके और 21 नवंबर 1853 को चल बसे। यद्यपि महाराजा का निधन महारानी के लिए असहनीय था, लेकिन फिर भी वे घबराई नहीं, उन्होंने विवेक नहीं खोया। राजा गंगाधर राव ने अपने जीवनकाल में ही अपने परिवार के बालक दामोदर राव को दत्तक पुत्र मानकर अंग्रेज सरकार को सूचना दे दी थी। परंतु ईस्ट इंडिया कंपनी की सरकार ने दत्तक पुत्र को अस्वीकार कर दिया। 27 फरवरी 1854 को लार्ड डलहौजी ने गोद की नीति के अंतर्गत दत्तक पुत्र दामोदर राव की गोद अस्वीकृत कर दी।

# तीनों लोकों में अनोखी है जग के नाथ जगन्नाथ की रथयात्रा

सुरेश गांधी

> "यह दिन अब हर साल जगन्नाथ रथ यात्रा के साथ मनाया जाता है। पुरी रथयात्रा के लिए बलराम, श्रीकृष्ण और देवी सुभद्रा के लिए तीन अलग-अलग रथ निर्मित किए जाते हैं। हर साल 15 दिनों के लिए भगवान जगन्नाथ के बीमार हो जाते हैं। एक मान्यता यह है कि ज्येष्ठ मास के पूर्णिमा तिथि के दिन भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र को गर्भ गृह से बाहर लाया जाता है और उन्हें सहस्त्र स्नान कराया जाता है। स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ बीमार पड़ जाते हैं और उन्हें बुखार आ जाता है। जिस कारण से वह 15 दिनों तक शयन कक्ष में विश्राम मुद्रा में रहते हैं। इस दौरान उनका विशेष ध्यान रखा जाता है। उन्हें कई प्रकार की औषधियां दी जाती है। सादा भोजन जैसे खिचड़ी इत्यादि का भोग लगाया जाता है। 15 दिनों तक वे केवल काढ़ा और फलों का जूस ही पीते हैं"

**वैसे** तो पुरी का जगन्नाथ मंदिर विश्वभर में प्रसिद्ध है। लेकिन इस मंदिर से जुड़ी कई ऐसी बातें हैं जिनके बारे में बहुत कम ही लोग जानते हैं. खास यह है कि जगन्नाथ पुरी में किसी भी स्थान से आप मंदिर के शीर्ष पर लगे सुदर्शन चक्र को देखेंगे तो वह आपको सदैव अपने सामने ही लगा दिखेगा. मंदिर के ऊपर स्थापित ध्वज सदैव हवा के विपरीत दिशा में लहराता है. इस मंदिर का रसोई घर दुनिया का सबसे बड़ा रसोई घर है. प्रतिदिन सायंकाल मंदिर के ऊपर स्थापित ध्वज को मानव द्वारा उल्टा चढ़कर बदला जाता है. मंदिर के सिंहद्वार में पहला कदम रखते ही मंदिर के भीतर किसी भी भक्त को सागर द्वारा निर्मित ध्वनि नहीं सुनाई देती, लेकिन जैसे ही आप मंदिर से बाहर एक भी कदम रखते हैं आप इस आवाज को सुन पाएंगे. जगन्नाथ पुरी के रसोईघर में भगवान जगन्नाथ को चढ़ाए जाने वाले महाप्रसाद को बनाने के लिए 500 रसोइए और उनके 300 सहायक-सहयोगी एकसाथ काम करते हैं. यहां सारा प्रसाद मिट्टी बर्तनों में ही पकाया जाता है. हैरानी की बात यह है कि इस मंदिर के ऊपर से कभी भी आप किसी पक्षी या विमान को उड़ते हुए नहीं देखेंगे

जगन्नाथ मतलब ब्रह्मांड के भगवान। जगन्नाथ भगवान विष्णु का ही एक रूप हैं। ओडिशा के पुरी में स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर चारों धामों में से एक है। जगत के नाथ कहलाने वाले भगवान जगन्नाथ के इस स्थल को धरती का बैकुंठ भी कहा जाता है। वैष्णव परंपरा से जुड़े लोगों के लिए यह सबसे बड़ा तीर्थ स्थान है. इसीलिए इसे महातीर्थ का दर्जा प्राप्त है। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन रथयात्रा निकाली जाती है। कहते है, इस दिन भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ गुंडिचा मंदिर जाते हैं। इस वर्ष जगन्नाथ रथ यात्रा 20 जून, मंगलवार को निकाली जाएगी। विश्वप्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ जी की रथ में भाग लेने के लिए देश-विदेश से लाखो की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं. इस यात्रा की भव्यता देखते ही बनती है। कहते है जिस किसी भी भक्त ने रथ को छू लिया उसकी हर मनोकामनाएं पूरी हो जाती है। इस रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ का ही नहीं बल्कि तीनों भाई-बहन के रथों के रंग अलग होते हैं. खास यह है कि रंग के साथ इनके नाम भी अलग-अलग होते हैं. भगवान जगन्नाथ के रथ को ह्लगरुड़ध्वजह्न या ह्लकपिलध्वजह्न कहा जाता है. तीनों रथों में ये सबसे बड़ा रथ होता है. इस रथ में कुल 16 पहिए लगे होते हैं. भगवान जगन्नाथ के रथ की ऊंचाई 13.5 मीटर होती है. इस रथ में लाल और पीले रंग के कपड़े का इस्तेमाल होता है. माना जाता है कि इस रथ की रक्षा गरुड़



करते हैं. रथ पर लगे ध्वज को **'त्रैलोक्यमोहिनी' कहते हैं.** धार्मिक मान्यता है कि जगन्नाथ मंदिर की मूर्तियों में आज भी भगवान श्रीकृष्ण का दिल धड़कता है. पुरी का यह मंदिर भगवान कृष्ण को समर्पित है, लेकिन वहां पर उन्हें जगन्नाथ धाम के नाम से जाना जाता है. हिंदू धर्म से जुड़े चार प्रमुख तीर्थ में से एक पुरी के इस मंदिर में भगवान जगन्नाथ के साथ उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की मूर्ति के दर्शन होते हैं. मान्यता है कि जगन्नाथ मंदिर में प्रसाद पकाने के लिए 7 बर्तनों को एक के ऊपर एक क्रम में रखा जाता है, जिसमें सबसे ऊपर रखे बर्तन का प्रसाद सबसे पहले पकता है, जबकि, नीचे की तरफ से एक के बाद एक प्रसाद पकता जाता है. जोकि अपने आप में हैरान कर देने वाला है. मान्यता है कि मंदिर में दिन के समय हवा समुद्र से जमीन की ओर चलती है. जबकि शाम के समय हवा जमीन से समुद्र की ओर चलती है. जगन्नाथ मंदिर के शिखर पर लगा झंडा हमेशा हवा के विपरीत लहराता है. मान्यता है कि जगन्नाथ मंदिर की ऊंचाई करीब 214 फीट है. ऐसे में पशु पक्षियों की परछाई तो बननी चाहिए, मगर इस मंदिर के शिखर की छाया हमेशा गायब ही रहती है. मंदिर के ऊपर से न ही कभी कोई हवाई जहाज उड़ता है और न ही कोई पक्षी मंदिर के शिखर पर बैठता है. ऐसा भारत के किसी भी मंदिर में नहीं देखा गया है. मंदिर में हर 12 साल के भीतर भगवान जगन्नाथ समेत तीनों मूर्तियों को बदला जाता है. जिसके बाद वहां पर नई मूर्तियां स्थापित की जाती हैं. भगवान की मूर्तियों को बदलते समय शहर की बिजली को काट दिया जाता है. इसके साथ ही मंदिर के बाहर भारी सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया जाता है. उस दौरान सिर्फ पुजारी को ही मंदिर में जाने की परमिशन होती है.

**रथयात्रा का शुभ मुहूर्त**

हिंदू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि की शुरूआत 19 जून को सुबह 11:25 पर होगी और यह तिथि 20 जून को दोपहर 1:07 पर समाप्त हो जाएगी। इसलिए 19 जून को भगवान जगन्नाथ फिर से स्वस्थ हो जाएंगे और 20 जून, मंगलवार के दिन भव्य रथ यात्रा द्वारा अपने भक्तों को दर्शन देंगे। रथ यात्रा का समय इस दिन रात्रि 10:04 निर्धारित किया गया है और यात्रा 21 जून को शाम 07:09 बजे समाप्त होगी। 20 जून को भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ तीन अलग रथों पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे. धार्मिक मान्यता है कि हर वर्ष प्रभु जगन्नाथजी पुरीवासियों का हालचाल जानने के लिए नगर भ्रमण के लिए निकलते हैं. भगवान जगन्नाथ अपने विशाल रथ नंदीघोष पर सवार होकर गुंडिचा मंदिर यानी अपनी अपनी ह्ममौसी के घरह्न जाएंगे. वहां पर सात दिनों तक विश्राम करने के बाद तीनों भाई बहन अपने धाम पुरी वापस लौटते हैं. इस रथ यात्रा के आरंभ से पहले भगवान जगन्नाथजी के रथ के सामने सोने के हत्थे वाली झाड़ू लगाई जाती है। जिसके बाद मंत्रोच्चार और जयघोष के साथ ढोल, नगाड़े और तुरही बजा कर रथों को खींचा जाता है। इस रथ यात्रा का आरंभ सबसे पहले बड़े भाई बलरामजी के रथ से होता है। जिसके बाद बहन सुभद्राजी और फिर अंत में जगन्नाथ जी के रथ को चलाया जाता है।

**रथ छू लेने मात्र से दूर होते है सारे कष्ट**

रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की प्रतिमाओं को रथ में बैठाकर नगर भ्रमण कराया जाता है. इसलिए यह उत्सव भगवान जगन्नाथ, उनकी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र (बलराम) को समर्पित है. रथयात्रा में लाखों भक्त जूलूस में शामिल होते हैं और भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं.विशेषकर उड़ीसा के पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा के पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है. लेकिन इसके साथ ही देश के अलग-अलग शहरों में भी रथ यात्रा निकाली जाती है. स्कंद पुराण, नारद पुराण, पद्म पुराण और ब्रह्म पुराण में भी रथ यात्रा का वर्णन मिलता है. मान्यता है कि जगन्नाथ रथ यात्रा में जुलूस के दौरान रथ को खींचना शुद्ध भक्ति से जुड़ा है. इससे व्यक्ति के ऐसे पाप नष्ट होते हैं, जिसे उसने जानबूझकर या अनजाने में किए हों. साथ ही भगवान के रथ को खींचने वाले के सभी दुख, कष्ट भी दूर होते हैं और सौ यज्ञ कराने जितने पुण्यफल की प्राप्ति होती है.

**रथ यात्रा में भाई-बहन संग मौसी के घर जाते हैं भगवान जगन्नाथ**

मान्यता के अनुसार जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान रथ पर सवार होकर भगवान जगन्नाथ मौसी के घर गुंडिचा जाते हैं. गुंडिचा मंदिर को भगवान जगन्नाथ की मौसी का घर माना गया है. यहां भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ जाते हैं और पूरे एक हफ्ते तक ठहरते हैं. यहां उनका खूब आदर-सत्कार होता है और मौसी से लाड-दुलार मिलता है. मान्यता है कि मौसी के घर भगवान खूब पकवान खाते हैं, जिससे वो बीमार भी पड़ जाते हैं और 15 दिनों तक उनका इलाज किया जाता हैं। जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरूआत 12वीं सदी से होती है। पौराणिक कथा के अनुसार, इस दिन, भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के साथ अपनी मौसी के घर से होते हुए गुंडिचा मंदिर गए थे। यह दिन अब हर साल जगन्नाथ रथ यात्रा के साथ मनाया जाता है। पुरी रथयात्रा के लिए बलराम, श्रीकृष्ण और देवी सुभद्रा के लिए तीन अलग-अलग रथ निर्मित किए जाते हैं। हर साल 15 दिनों के लिए भगवान जगन्नाथ के बीमार हो जाते हैं। एक मान्यता यह है कि ज्येष्ठ मास के पूर्णिमा तिथि के दिन भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र को गर्भ गृह से बाहर लाया जाता है और उन्हें सहस्त्र स्नान कराया जाता है। स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ बीमार पड़ जाते हैं और उन्हें बुखार आ जाता है। जिस कारण से वह 15 दिनों तक शयन कक्ष में विश्राम मुद्रा में रहते हैं। इस दौरान उनका विशेष ध्यान रखा जाता है। उन्हें कई प्रकार की औषधियां दी जाती है। सादा भोजन जैसे खिचड़ी इत्यादि का भोग लगाया जाता है। 15 दिनों तक वे केवल काढ़ा और फलों का जूस ही पीते हैं। सोने से पहले मीठा दूध अर्पित किया जाता है साथ ही पूरे 15 दिनों तक भगवान को शीतल लेप भी लगाया जाता है। इस दौरान मंदिर में न तो घंटी बजती है ना भक्तों को दर्शन करने की अनुमति होती है।

## कविता

### पिता

पिता होते साया कुटुंब के,
सुख का एहसास होता जिनसे,
इस दरख्त की छाया में पलकर,
पल्लवित होती खुशियाँ अपार,
करता न्योछावर तन-मन अपना,
अपने प्यारे घर आँगन पर,
जीते जी ये कद्र जान लो
खुदा का दूजा रूप पिता है!
धुरी बनकर बांधकर रखता,
परिवार धर्म का पालन करता,
चट्टान की भान्ति झेलता संकट,
बच्चों की खुशहाली की खातिर,
रहकर खुद भूखा वो तो,
तन का मांस भस्म भी कर देता,
जीते जी ये कद्र जान लो
खुदा का दूजा रूप पिता है!
कठिन तपस्या का नाम बाप है,
अक्सर मौन त्याग के उसके,
बच्चे रहते अनजान अक्सर,
होता पिता के तप का एहसास
जब पिता खुद वो शख्स बन जाता,
खुशी मुमकिन है उसके साए में,
जीते जी ये कद्र जान लो
खुदा का दूजा रूप पिता है!

मुनीष भाटिया

# 'पिता : एक अडिग सुरक्षा स्तम्भ'

**डॉ. रीना रवि मालपानी**

**माँ से मिलती ममता। तो पिता से मिलती जीवन जीने की अनमोल क्षमता॥**
**माँ भूल जाती लालन-पालन में अपना दुःख। तो पिता भी दिन-रात के कालचक्र में छोड़ देता अपना सुख॥**

माँ का एहसास हमेशा हमें नजदीक महसूस होता है, उसकी ममता एवं कोमलता हमें बहुत प्रभावित करती है, परंतु पिता के संरक्षण एवं सुरक्षा का क्या? धन संग्रह एवं जरूरतों को पूरा करने में खर्च होने वाला पिता सदैव मौन रहकर व्यवस्थाओं के समुचित संचालन में प्रयासरत रहता है। उसकी दूरगामी चिंताओं का आकलन शायद कोई नहीं कर पाता। कई बार जीवन-यापन को बेहतर बनाने की दिशा में पिता को बच्चों के साथ समय व्यतीत करने का समय भी कम उपलब्ध हो पाता है। इसके पश्चात भी उसके चेहरे पर शिकन की कोई रेखा नहीं होती। वह अपने बच्चों की मीठी सी मुस्कान में पूरे दिन का दर्द भूल जाता है। उसका लक्ष्य केवल परिवार की खुशियों को पूर्णता की ओर ले जाना होता है।
माँ के होते है हम दुलारे और प्यारे। पर जीवन की संघर्ष यात्रा होती पिता के सहारे॥
माँ है जीवन का एक किनारा। तो पिता भी सुधारता हर दम हमारी गलतियों का पिटारा॥
माँ का भोलापन एवं उसकी सरलता तो हमारे दिलों को छु जाती है, परंतु पिता की कठोरता के पीछे छुपी मंशा हम समझने में असमर्थ रहते है। वह पिता भी उस बचपन के दौर से गुजरा है। वह भी जानता है कि बच्चे को सरलता प्रियकर है पर उसकी कठोरता सदैव बच्चे को सक्षम एवं समर्थ बनाने की दिशा प्रदान करती है। हम अक्सर किसी की एक गलती भी माफ नहीं कर पाते है, पर वह पिता ही होता है जो हजारो गलतियों के बावजूद भी अपने स्नेह में कोई कमी नहीं आने देता। उनके प्यार में कोई मिलावट दृष्टिगोचर नहीं होती। बच्चे की इच्छाओं की पूर्ति करने में उनके चेहरे में कभी कोई थकावट महसूस नहीं होती। सदैव हमें मधुर वाणी ही प्रिय लगती है, पर अंततः ऐसे लोग हमारे काम नहीं आते। हमारा साथ नहीं देते, पर पिता कटु शब्द बोलकर भी दुःख में मरहम लगाने के लिए सदैव तैयार रहता है। पिता का कंधा ही बच्चे के लिए मजबूत नींव साबित होता है। पिता रूपी ढाल की कोई कीमत नहीं है। जिस तरह सूरज के होने से दिन देदीप्यमान होता है वैसे ही पिता भी सूरज की तरह गर्म जरूर होता है, परंतु बच्चे की छवि को प्रकाशवान बनाने के लिए उसका प्रयास वंदनीय है।
माँ का आशीर्वाद कर सकता चमत्कार। तो पिता भी सदैव कराते सत्य का साक्षात्कार॥
माँ है यदि जीवन में ठंडी छांव। तो पिता भी भरते जीवन के घाव॥
बच्चे की कामयाबी की उड़ान के पीछे पिता के पसीने की बूँदें शामिल होती है। पिता वह खुली किताब है जो केवल महत्वपूर्ण सबक सिखाने के लिए हमेशा बच्चे के लिए विलन भी बन जाते है। कभी-कभी इच्छाओं के विपरीत कठोर निर्णय सुनाते है। वे बच्चे के मन की प्रत्येक बात समझते है।

## विचार

# मास्टर जी ! बेचारे ही होते हैं

**कृष्ण कुमार निर्माण**

इस समस्त धरा पर जो सबसे बेचारा प्राणी है,वो है अध्यापक ।कहने को तो इसे राष्ट्र निमार्ता ,गुरु जी,आचार्य ,मार्गदर्शक, विनेत्र ,शिक्षक, उपाध्याय,मास्टर जी,यहाँ तक कि ईश्वर से भी बड़ा माना जाता है ।मगर बावजूद इसके यह सच है कि इससे बेचारा,निरीह प्राणी आपको कहीं भी नहीं मिलेगा,सम्भवतः टॉर्च/बैटरी लेकर भी ढूंढेंगे तो नहीं मिलेगा?हैरत में पड़ गए ना आप!कि ये कैसी बात कर दी?सम्मानजनक वेतन पाने वाला बेचारा कैसे हो सकता है?जी हाँ,निश्चित रूप से मास्टर जी,सम्मानजनक वेतन पाते हैं मगर ताउम्र एक अच्छा-सा घर नहीं बना पाते,अच्छा-सा जीवन नहीं जी पाते जबकि मास्टर जी से दो गुणा वेतन कम प्राप्त करने वाले कई कर्मी न केवल मौज फरमाते हैं बल्कि अच्छी-खासी रईसों वाली जिंदगी जीने की फीलिंग लेते हैं,जीते हैं ।उसके कई कारण हो सकते हैं मगर मास्टर जी जब तक नौकरी करते हैं तब तक नित नए-नए कामों में ऐसे उलझे रहते हैं जैसे कोई मकड़ी अपने ही बनाए झाले में उलझी हो ।और आजकल तो मास्टर जी को सांस लेने की भी फुर्सत नहीं होती,पता नहीं बेचारा सांस कब लेता है और कैसे लेता है?वैसे यह शोध का विषय हो सकता है?अगर कोई शोधार्थी आलेख पढ़ रहा है या मास्टर जी के जीवन से निकट से परिचित है तो जरूर इस पर शोध करे ।वैसे संभव यह है कि कोई भी इस विषय पर शोध नहीं करेगा क्योंकि मास्टर जी की एक नियति यह भी है कि इनसे पढ़कर बड़े-बड़े अफसर,नेता,ज्ञानवान,कथावाचक,खिलाड़ी,जुआरी बन जाते हैं मगर मास्टर जी कोई नहीं पूछता?वैसे भी सभी मास्टर जी के डंडे को ही याद रखते हैं बाकी चीजों को नहीं। भला कोई शोध क्यों करेगा?अब देखो!वैसे तो मास्टर जी का काम पढ़ाना होता है मगर हैरत है कि मास्टर जी पढ़ाने के अलावा सैंकड़ों ऐसे काम करते हैं जिनकी आम जनता को जानकारी भी नहीं होगी। आजकल तो परिवार पहचान पत्र का काम भी कर रहे हैं ।पिछले दिनों तो जहाँ पराली की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी संभाली थी,तो वहीं करोना काल में मंडी में जाकर गेहूँ भी बेची-खरीदी,अभी हाल ही में मास्टर जी की ड्यूटी नशेड़ियों को पकड़ने की भी लगा दी गई थी। कई तरह की गोलियां भी मास्टर जी बच्चों को न केवल खिलाते हैं बल्कि उनका पूरा हिसाब-किताब भी रखते है ।प्रमोशन के लिए खूब चक्कर काटते हैं मगर जब से प्रमोशन मिल जाए,बेचारे संतुष्ट हो जाते हैं जबकि अपने शिष्यों को ज्ञान पेलते हैं कि अपने अधिकारों के लिए लड़ना जरूरी है पर खुद के मामले में चुप रहना बेहतर समझते हैं ।इनके एसीपी सालों-साल नहीं लगते।

कई-कई काम इनके लटके रहते हैं ।तभी तो जेबीटी मास्टर पिछले कई सालों से तबादले की बाट जोह रहे हैं पर मजाल है कि चूं तक करें क्योंकि इनके जेहन में इस तरह की बातें नहीं आती ।अब फिर से पिछले कई महीनों से तबादलों का फंडा चला हुआ है ।एकबारगी तो मास्टरगण को ऐसा लगा कि बस!अब हुई बदली मगर ऐसा सोचते-सोचते तीन महीने बीतने को हैं मगर ट्रांसफर का अता-पता नहीं?लगता हैं कहीं गर्मी की छुट्टियां मनाने गई होगी?लेकिन उस पर खबरें अब यह आ रही हैं कि जिस ट्रांसफर नीति को देश की सबसे बढ़िया पॉलिसी कहकर सीना चौड़ा किया जाता था,अब सीना चौड़ा करने वालों ने उसी पॉलिसी को बदल दिया है। ध्यान दीजिए कि हो सकता है यह उससे भी ज्यादा अच्छी हो और सीना और चौड़ा हो जाए ।बताते हैं कि अब जोन नहीं ब्लॉक भरने होंगे और इधर ब्लॉक भी एक सौ तितालिस हो गए हैं ।बेचारे मास्टर जी प्रमोशन पाकर बहुत दूर-दूर तक चले गए हैं और दिन भर कमजोर होते जा रहे हैं मगर अभी तक बदली का कोई अता-पता नहीं है। उधर योग चालू है स्कूलों में और मास्टर जी भी इसमें जी-जान से लगे हुए हैं ।वैसे लगना भी चाहिए क्योंकि योग ही तो जीवन है ।वैसे एक मास्टर जी हैं। वैसे तो वो बुजुर्ग अवस्था के मुहाने पर हैं मगर चाचा कहने पर ऐसे बिफरते हैं जैसे बिप्रजाय तूफान आ गया हो या सुनामी ही लहर ।वो एक बात कहते हैं कि मास्टर जी को कोई भी खुश नहीं देख सकता और खासकर शिक्षा विभाग ।उनके अनुसार शिक्षा विभाग में कर्मचारियों का एक समूह तो दस-पंद्रह दिनों में ऐसा रॉकेट छोड़ता है कि सारे मास्टर सकते में आ जाते हैं और वो समूह बिल में घुस जाता है ।बस ऐसे चलता रहता है पर वो इस बात को मानने को तैयार नहीं कि मास्टर नामक जंतु बेचारा है ।उन्हें इस बात पर खतरनाक के उच्चतम स्तर की आपत्ति है ।खैर,हो सकता है उनकी आपत्ति जायज हो मगर सच यही है कि मास्टर जी बेचारे प्राणी हैं ।वैसे इनमें वो मा'साब शामिल नहीं जिनके यहाँ कई-कई नौकरियां हैं और जमीन-जायदाद भी ।ऐसे मा'साब,इन मास्टर से थोड़े अलग हैं जी ।बोलते रहिए जय राम जी की क्योंकि भली तो करेंगे राम ही।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# क्यों सारी दुनिया करने लगी अब योग

**आर.के. सिन्हा**

**आगामी** 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को कुछ ही दिन शेष बचे हैं और नई दिल्ली से न्यूयार्क और पंजाब से लेकर पेरिस तक संसार भर में इस खास दिन को मनाने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। स्कूली बच्चे - बच्चियों में तो उत्साह देखते ही बनता है । वैसे , अब तो योग दिवस का सारी दुनिया इंतजार करती है। इसे वर्ल्ड योगा डेभी कहा जाता है। पहली बार यह 21 जून 2015 को मनाया गया था। इसकी नींव भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग से संबंधित एक प्रभावशाली भाषण के साथ रखी गई थी। उसी के बाद इसे 21 पर जून इसे वर्ल्ड योगा डे घोषित किया गया था। बहरहाल,अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नवें संस्करण को वैश्विक स्तर पर मनाया जा रहा है। बहुत साफ है कि भारत की प्राचीन और समृद्ध परपराओं से पोषित योग ने अब वैश्विक स्तर पर समग्र स्वास्थ्य की एक ऐसी पद्धति के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर ली है , जो न सिर्फ तन और मन के संतुलन तक सीमित है ; बल्कि , इस पद्धति में आधुनिक जीवन शैली से उपजे तनाव से पार पाने, असाध्य रोगों से बचाव और दुनिया को स्वस्थ और बेहतर जीवन के माध्यम से एकजुट करने की शक्ति भी निहित है। इसी विशेषता को परिभाषित करती है इस बार के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की ध्येय वाक्य या थीम वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग। योग की यही शक्ति है जिसने कोरोना महामारी के दौरान और फिर बाद में भी समग्र स्वास्थ्य की तलाश में त्रस्त दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। कोरोना काल से ही दुनिया ने योग करने के लाभ जान लिए। दुनिया को समझ आ गया कि योग करके वे अपने को सदा सेहतमंद रख सकते हैं। दरअसल वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यों वाली महासभा के 173 सहप्रायोजक देशों की सर्वसम्मति से 2015 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में शुरू हुई यात्रा अब एक ऐसे मुकाम पर है, जहां योग का लोक कल्याणकारी रूप सबने देख लिया है। योग समग्र स्वास्थ्य और वेलनेस की सदियों से परखी गई और आधुनिक शोध अध्ययनों पर खरी उतरी स्वास्थ्य पद्धति के रूप में जाना जा रहा है।

# फादर्स डे: परमात्मा को याद करते हैं, जोकि हम सबके पिता-परमेश्वर

**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

**फादर्स** डे एक ऐसा दिन है जबकि हम अपने-अपने पिता के प्रति विशेष सम्मान व आभार प्रकट करते हैं। यह एक ऐसा दिन भी है जबकि हम परमात्मा को याद करते हैं, जोकि हम सबके पिता-परमेश्वर हैं।

इस दिन हम अपने शारीरिक पिता से मिले प्रेम को और उनसे मिले उपहारों को दिल से याद करते हैं, तथा उनका धन्यवाद करते हैं। यह एक ऐसा समय भी है जबकि हम प्रभु से मिली देनों व बरकतों को याद करते हैं, तथा उनका शुक्राना अदा करते हैं। प्रभु ही हमारे सच्चे पिता हैं, और हर तरह से हमारा खयाल रखते हैं। हरेक माता-पिता अपनी संतान में वो सद्गुण एवं नैतिक मूल्य देखना चाहते हैं जो स्वयं उनके अंदर होते हैं। हरेक माता-पिता चाहते हैं कि उनका बेटा या बेटी बड़े होकर अच्छे इंसान बनें। प्रभु हमसे अलग नहीं हैं। यह हमारा मन है जो हमें प्रभु से दूर कर देता है। परमात्मा का अंश, आत्मा, प्रत्येक इंसान के अंदर पाई जाती है। परमात्मा ने आत्मा को अपने ही नमूने पर बनाया है। समस्त मानव जाति परमात्मा के स्वरूप के आधार पर ही बनाई गई है। प्रभु चाहते हैं कि हम सभी उस महान् स्वरूप के अनुसार ही अपना जीवन जिएँ, सद्गुणों एवं नैतिक मूल्यों को अपने अंदर धारण करें। प्रभु चाहते हैं कि हम केवल उनसे ही नहीं, बल्कि उनकी बनाई हुई सृष्टि में मौजूद सभी इंसानों व जीवों से प्रेम करें। इसी उद्देश्य से सृष्टि का निर्माण किया गया था। कहा जाता है कि प्रभु ने समस्त मानव जाति को एक-दूसरे से प्रेम व करुणा का व्यवहार करने के लिए ही बनाया है, नहीं तो अगर प्रभु को केवल अपनी भक्ति ही करानी होती, तो उसके लिए तो फरिश्ते ही काफी थे। परंतु प्रभु ने फिर भी इंसानों को बनाया, ताकि व न केवल प्रभु से प्रेम करें, बल्कि आपस में एक-दूसरे से भी प्रेम करें ।जो इंसान अपने साथी इंसानों की मदद करता है, वो प्रभु को अच्छा लगता है। अपनी इच्छाओं व सुखों का त्याग करके भी दूसरों की सहायता करना, यह विशिष्ट गुण परमात्मा को बहुत अच्छा लगता है; और जिसके अंदर भी यह सद्गुण मौजूद होता है, वो इंसान भी परमात्मा को बहुत भाता है।

इस धरती पर अरबों आत्माएँ जी रही हैं। उनमें से बहुत से लोग स्वार्थ एवं लापरवाही से भरपूर जीवन जी रहे हैं। बहुत से लोग तो आपे से बाहर जाकर भी अधिकार, शोहरत, सत्ता, मान-प्रतिष्ठा चाहते हैं। इसका अर्थ यह है कि वे लोग प्रभु की विपरीत दिशा में कदम उठा रहे हैं। जबकि प्रभु तो वास्तव में यही चाहते हैं कि हम न केवल उनसे बल्कि सभी इंसानों से एक समान ही प्रेम करें। जो लोग ऐसा करते हैं।

ACTION INDIA ऊना, 18 जून 2023 दैनिक एक्शन इंडिया www.actionindialive.com

# नेपाल के राष्ट्रपति की तबीयत फिर बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

काठमांडू। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद शनिवार सुबह काठमांडू के मनमोहन कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर एंड ट्रांसप्लांट सेंटर में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के कार्यकारी निदेशक डॉ. रत्नामणि गजुरेल ने एक बयान में बताया कि राष्ट्रपति पौडेल के स्वास्थ्य की निगरानी रखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले 13 जून को पौडेल को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था और 14 जून को उन्हें डिस्चार्ज किया गया था। पौडेल को 19 अप्रैल को उपचार के लिए दिल्ली ले जाया गया था। इलाज के बाद वह मई के पहले सप्ताह में नेपाल लौटे थे।



# फ्रांस में 5.8 तीव्रता के भूकंप के झटकों से हिली धरती

पेरिस। फ्रांस के पश्चिमी क्षेत्र में भूकंप के शक्तिशाली झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.8 रिकार्ड



की गई है। इससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। 1100 से ज्यादा घरों में बिजली गुल हो गई।

फ्रांस के भूकंप विज्ञानियों ने कहा है कि 2000 के दशक के बाद देश में इस तीव्रता का भूकंप आया है। राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र (राष्ट्रीय नेटवर्क रेनास) ने कहा है भूकंप की तीव्रता 5.3 रही। मगर फ्रेंच सेंट्रल सीस्मोलॉजिकल ब्यूरो ने रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.8 बताई है। यह झटके उत्तर में रेनेस और दक्षिण-पश्चिम में बोर्डो तक महसूस किए गए।

# ठगी मामले में नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री समेत 16 आरोपितों को हिरासत में रखने का आदेश

काठमांडू। नेपाल की एक अदालत ने भूटानी शरणार्थियों से ठगी के मामले में पूर्व उप प्रधानमंत्री टोप बहादुर रायमाझी और पूर्व गृहमंत्री बालकृष्ण खान समेत 16 आरोपितों को मामले के निष्कर्ष तक हिरासत में रखने का आदेश दिया है।



काठमांडू जिला अदालत ने यह आदेश पारित किया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि इस मामले के अंतिम निष्कर्ष तक संबंधित आरोपितों को हिरासत में रखा जाए। 22 मई को सरकारी वकील के कार्यालय ने राज्य के खिलाफ अपराधों के तीन मामलों में 33 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें 16 गिरफ्तार किए गए थे और 17 फरार थे। उन पर भूटानी शरणार्थियों को अमेरिका भेजकर लाखों डॉलर की ठगी करने का आरोप है।

# बोले बिलावल, अविश्वास की चपेट में हैं भारत-पाकिस्तान संबंध

**-दावा, शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में आना चाहते थे शहबाज शरीफ**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के संबंध अविश्वास के माहौल की चपेट में हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रैटेजिक स्टडीज इस्लामाबाद की 50वीं सालगिरह पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आपसी सम्मान और संप्रभु समानता के आधार पर भारत के साथ 'अच्छे पड़ोसी संबंध' रखने के लिए प्रतिबद्ध है। बिलावल ने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक जल्द भारत में होने वाली है। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान इस बैठक में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तरीकों की तलाश कर रहा था, लेकिन भारत ने डिजिटल बैठक





आयोजित करने की घोषणा कर दी। पाकिस्तान शंघाई सहयोग संगठन, संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय संगठनों के माध्यम से भारत के साथ बातचीत करने को प्रतिबद्ध है।

बिलावल ने कहा कि पाकिस्तान परस्पर सम्मान और संप्रभु समानता के आधार पर भारत के साथ सहयोगात्मक और अच्छे पड़ोसियों वाले संबंध बनाए रखने को भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन के साथ रूस, यूरोप, जापान और कोरिया सहित सभी प्रमुख शक्तियों के साथ पाकिस्तान अच्छे संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पेंटागन पेपर्स लीक कर अमेरिका में सनसनी फैलाने वाले डेनियल एल्सबर्ग का निधन

वाशिंगटन। दुनिया के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले अमेरिकी रक्षा मंत्रालय 'पेंटागन' के दस्तावेजों को लीक करने वाले व्हिसलब्लोअर डेनियल एल्सबर्ग का कैलिफोर्निया के केंगसिंग्टन में निधन हो गया। उन्होंने 92 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उन्हें कैंसर था।

पेंटागन के यह दस्तावेज वियतनाम युद्ध से संबंधित थे। इनके लीक होने से अमेरिका में सनसनी फैल गई थी। डेनियल एल्सबर्ग को फरवरी में अग्नाशय के कैंसर का पता चला था। उन्होंने कीमोथेरेपी उपचार से इनकार कर दिया था। डेनियल का जन्म सात अप्रैल, 1931 को हुआ था। संयुक्त राज्य अमेरिका के सैन्य विश्लेषक डेनियल ने यह दस्तावेज साल 1971 में अमेरिका के प्रमुख अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स , वाशिंगटन पोस्ट आदि को उपलब्ध कराए थे। इनके छपने पर अमेरिकी सरकार हिल गई थी। टाइम पत्रिका ने



डेनियल के फोटो को कवर पेज पर स्थान देकर सम्मान दिया था। उन्हें 2006 में राइट लाइवलीहुड अवार्ड से सम्मानित किया गया।

तीन जनवरी, 1973 को एल्सबर्ग पर जासूसी अधिनियम के तहत चोरी और साजिश के अन्य आरोपों पर सुनवाई पूरी हुई। इन आरोपों पर उन्हें कुल 115 साल की सजा हो सकती थी। इस मुकदमे में उनकी पैरवी लियोनार्ड बौडिन और हार्वर्ड लॉ स्कूल के प्रोफेसर चार्ल्स नेसन ने की। नतीजतन 11 मई 1973 को न्यायाधीश विलियम मैथ्यू बर्न जूनियर ने एल्सबर्ग के खिलाफ सभी आरोपों को खारिज कर दिया।

# किराया नहीं दे पा रहे मस्क, ट्विटर को खाली करना पड़ेगा अमेरिका के कोलोराडो का दफ्तर

वाशिंगटन। ट्विटर खरीदने के बाद एलन मस्क तमाम कोशिशों के बावजूद लाभकारी स्थितियों में नहीं पहुंच पा रहे हैं। हालात ये है कि अमेरिका में ट्विटर के कई दफ्तरों का किराया तक नहीं अदा कर पा रहे हैं। अब अमेरिका के कोलोराडो स्थित दफ्तर ट्विटर को खाली करना पड़ेगा। अदालत ने इस आशय के आदेश जारी कर दिये हैं।

ट्विटर को घाटे से उबारने के लिए एलन मस्क कई देशों में ट्विटर के दफ्तर बंद भी कर चुके हैं और छंटनी भी कर चुके हैं किन्तु ट्विटर लाभ की स्थिति में नहीं पहुंच सका है। अब अमेरिका को कोलोराडो और सैनफ्रांसिस्को स्थित दफ्तरों का किराया तक न चुका पाने की समस्या भी सामने आई है। कोलोराडो स्थित दफ्तर का किराया न चुका पाने के कारण अदालत ने ट्विटर को दफ्तर खाली करने का आदेश दिया है। दरअसल कोर्ट ने ट्विटर को 31



मई तक का समय दिया था।

अब पुलिस को दफ्तर खाली कराकर मकान मालिक को सौंपने के निर्देश दिये गए हैं। ट्विटर ने कोलोराडो में अपने दफ्तर के लिए फरवरी 2020 में चार बिल्डिंग किराए पर ली थीं। कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक, ट्विटर ने इसके लिए किराया भी नहीं चुकाया। इसके बाद अपनी इमारत को किराया वसूली के लिए मकान मालिक ने ट्विटर को नोटिस भी भेजा, लेकिन कंपनी की ओर से इसका कोई जवाब नहीं दिया गया। इस साल मार्च के अंत तक मकान मालिक ने ट्विटर की ओर से जमा किए गए 9 लाख 68 हजार डॉलर (करीब 8 करोड़ रुपये) के लेटर ऑफ क्रेडिट (जमाराशि) को ही किराया मानकर कंपनी की लीज जारी रखी। इस लेटर ऑफ क्रेडिट को लीज के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट भी माना जाता है। हालांकि, लेटर ऑफ क्रेडिट खत्म होने के बाद भी जब ट्विटर ने किराया नहीं चुकाया तो मकानमालिक ने कंपनी से फिर से सिक्योरिटी डिपॉजिट भरने को कहा। इस मांग को ट्विटर की ओर से ठुकरा दिया गया। बाद में मकानमालिक ने ट्विटर के खिलाफ केस किया और किराए के तौर पर 93 हजार 500 डॉलर (करीब 76 लाख रुपये) न चुकाने का आरोप लगाया।

# हरिकृष्ण कार्की बने नेपाल के चीफ जस्टिस

काठमांडू। हरिकृष्ण कार्की को नेपाल का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। उन्हें चीफ जस्टिस के रूप में राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शपथ दिलाई। वह नेपाल के 30वें चीफ जस्टिस हैं। अगले 50 दिन तक ही चीफ जस्टिस बने रहेंगे। सात साल पहले जज बनने से पहले



कार्की सीपीएन-यूएमएल से जुड़े थे। यूएमएल अध्यक्ष ओली जब पहली बार प्रधानमंत्री बने थे तब वह अटॉर्नी जनरल थे। कार्की के नाम को आज संसदीय समिति ने सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी। फरवरी 2022 में चीफ जस्टिस चोलेंद्र शमशेर राणा के महाभियोग के बाद खाली हुए पद पर कार्की को नियुक्त किया गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में व्हाइट हाउस में तिरंगा लहराया

**अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास के बाहर एक साथ लहरा रहे दोनों देशों के राष्ट्रीय ध्वज**

वाशिंगटन। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका आगमन पर स्वागत की तैयारी तेजी के साथ शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी चार दिवसीय यात्रा पर यहां 21 जून को पहुंच रहे हैं। अमेरिकी सरकार भी भारत के प्रधानमंत्री की यात्रा को लेकर बेहद उत्सुक है। इस क्रम में प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस के बाहर भारतीय तिरंगा (राष्ट्रीय ध्वज) और अमेरिकी झंडे (देश के राष्ट्रीय ध्वज) को एक साथ लहराया गया।

यह देखकर भारतीय मूल के नागरिक प्रसन्न हैं। वह इसे भारत के सम्मान और गर्व की दृष्टि से देख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रधानमंत्री मोदी 23 जून को यहां रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग ऐंड इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर में विभिन्न हिस्सों से पहुंचे आमंत्रित नेताओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भारतीय नेता के सम्मान में



दोपहरकालीन भोज की मेजबानी करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका दौरे के प्रथम दिन 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय न्यूयॉर्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह की अगुवाई करेंगे।

22 जून को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से वाशिंगटन में उनकी मुलाकात का कार्यक्रम तय है। 22 जून को ही बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडेन भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्मान में आयोजित राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 22 जून को ही अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी वाशिंगटन में प्रमुख कंपनियों के सीईओ, पेशेवरों, अन्य हितधारकों के साथ बातचीत भी करेंगे।

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री माधव की पार्टी का समाजवादी मोर्चा में शामिल होने का फैसला

काठमांडू। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल की पार्टी सीपीएन यूनाइटेड सोशलिस्ट (यूएस) ने आज समाजवादी मोर्चा में शामिल होने का फैसला किया है। यह जानकारी सीपीएन यूएस के प्रवक्ता जगन्नाथ खातीवाड़ा ने दी। समाजवादी मोर्चा में प्रचंड की सीपीएन माओवादी सेंटर, उपेंद्र यादव की जनता समाजवादी पार्टी, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. बाबूराम भट्टराई की नेपाल समाजवादी पार्टी और नेत्रविक्रम चंद विप्लव की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी भी शामिल होंगी। प्रचंड ने कहा है कि इसी हफ्ते समाजवादी मोर्चा का गठन होगा। मोर्चा का नेतृत्व मुख्य नेता क्रमशः करेंगे।आज प्रचंड और डॉ. बाबूराम भट्टराई के बीच बैठक में मोर्चा बनाने पर सहमति बनी है।



# फिलिप ग्रीन होंगे भारत में ऑस्ट्रेलिया के नए उच्चायुक्त

केनबरा। भारत में ऑस्ट्रेलिया के नए उच्चायुक्त का जिम्मा अब फिलिप ग्रीन को सौंपा गया है। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने जानकारी दी कि इस समय जर्मनी में ऑस्ट्रेलिया के राजदूत फिलिप ग्रीन अब भारत में उच्चायुक्त का दायित्व संभालेंगे। वे भारत में ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा उच्चायुक्त ओ फॅरेल की जगह लेंगे। पेनी वोंग ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के घनिष्ठ संबंध लगातार विस्तार ले रहे हैं। दोनों देश आपस में दृष्टिकोण, चुनौतियों और एक लोकतांत्रिक विरासत को साझा करते हैं। व्यापक रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से और क्वाड भागीदारों के रूप में दोनों देश एक शांतिपूर्ण और स्थिर रिश्ते को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक साझेदारी है, जो एक महत्वाकांक्षी व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करने के साथ-साथ बढ़ेगी। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री ने कहा कि आज फिलिप ग्रीन को भारत में ऑस्ट्रेलिया के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। ग्रीन विदेश मामलों



और व्यापार विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी हैं। इस समय वे जर्मनी में ऑस्ट्रेलिया के राजदूत की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। ग्रीन पहले भी सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका और केन्या जैसे कई देशों में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त के रूप में काम कर चुके हैं।

# नेपाल की संसद में मुस्लिम सदस्य ने हिंदू महिलाओं की अस्मिता का मुद्दा उठाया

काठमांडू। नेपाल की संसद में एक मुस्लिम सांसद ने हिंदू महिलाओं की अस्मिता की बड़ी लड़ाई के पक्ष में बड़ी बात कही। जनमत पार्टी के सदस्य अब्दुल खान ने कहा कि हिंदू महिलाओं के लिए राष्ट्रीय पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रभावी गैरवाजिब प्रतिबंधों की आज के संदर्भ में कोई जरूरत नहीं है। अब्दुल खान ने राष्ट्रीय पहचान पत्र के लिए फोटो खिंचवाते वक्त हिंदू महिलाओं को सिंदूर एवं टीका पोंछने के नियम का विरोध करते हुए इस नियम को खत्म करने की मांग की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने लगाए हुए सिंदूर को पोंछना होता है, सिर से दुपट्टा उतारना होता है, कंठी



उतारनी होती है। खान ने कहा कि इस बाध्यकारी नियम को हटाया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि नेपाल की 81 फीसदी आबादी हिंदू है। नेपाल में एक नियम है कि राष्ट्रीय पहचान पत्र के लिए फोटो खिंचवाते समय हिंदू महिलाओं को सिंदूर पोंछना पड़ता है। पुरुषों को टोपी पहनने की अनुमति नहीं है। इसके देशव्यापी विरोध के बावजूद सरकार ने नियम बना रखे हैं।

# टेक्सॉस में तूफानी बवंडर से तीन की मौत, सैकड़ों घायल, हजारों की बिजली गुल

ऑस्टिन। अमेरिकी राज्य टेक्सास में आए तूफानी बवंडर से तीन लोगों की मौत हो गयी। सैकड़ों लोग इस बवंडर की चपेट में आकर घायल हो गए, वहीं हजारों लोगों की बिजली गुल हो गई। तूफान ने क्षेत्र को तबाही की कगार पर ला खड़ा किया है, वहीं कई अन्य दक्षिणी और मध्य-पश्चिमी अमेरिकी राज्यों को चेतावनी जारी की गयी है। टेक्सास प्रांत में अचानक आई तबाही का सर्वाधिक शिकार पेरीटन शहर हुआ। अमेरिका की नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक तूफान ने इस क्षेत्र से टकराकर तबाही मचा दी है। आपातकालीन सेवाओं के लोग बचाव कार्य में जुटे हैं। पेरीटन के अग्निशमन विभाग के प्रमुख पॉल डचर ने बताया कि इस तूफान में तीन लोगों की मौत हो गई है। मोबाइल होम पार्क में तूफान से सीधे टकराने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई है। डचर के अनुसार अबतक 30 ट्रेलर के





क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है।

तूफान के कारण हजारों घर गिर गए। घरों के मलबे में दब कर सैकड़ों लोग घायल हो गए। दमकल कर्मी लगातार मलबे से लोगों को निकाल रहे हैं। सौ से अधिक लोगों को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। भारी संख्या में लोग अब भी जख्मी हैं। तूफान का असर ओकलाहोमा और टेक्सास की बिजली आपूर्ति पर भी पड़ा है। हजारों लोगों के घरों की बिजली गुल हो गयी है और पूरी व्यवस्था इस कदर चरमरा गयी है कि आपूर्ति सुनिश्चित करना मुश्किल हो रहा है। बताया गया कि लगातार दूसरे दिन अमेरिका में तूफान आया है। तूफानी हवाओं के कारण कई पेड़ उखड़ गए और इमारतें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। तूफान इतना तेज था कि कई कारें टेक्सास के पूर्वी हिस्सों से उड़कर जार्जिया तक पहुंच गयीं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 18 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# सेतु की तरह कार्य करेंगे उद्यमी मित्र : सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने 102 उद्यमी मित्रों को दिया नियुक्ति पत्र, उद्यमियों को दी प्रोत्साहन राशि

**जिम्मेदारी**

**यदि स्थानीय स्तर पर समाधान नहीं होता है तो उसकी जानकारी विभाग और शासन स्तर पर देंगे: सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को 102 उद्यमी मित्रों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने उद्यमियों को 232 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी वितरित की। लोकभवन के सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों और सरकारी मशीनरी के बीच उद्यमी मित्र सेतु की तरह काम करेंगे। वो उनकी समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेंगे और यदि स्थानीय स्तर पर समाधान नहीं होता है तो उसकी जानकारी विभाग और शासन स्तर पर देंगे। जिस तरह सीएम फेलोशिप से जुड़े युवा आकांक्षात्मक विकासखंडों में शासन की तीसरी आंख की तरह कार्य करते हैं, उद्यमी मित्रों को भी उसी तरह काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से भी न सिर्फ प्रदेश में और अधिक निवेश की अपील की, बल्कि अपने सीएसआर फंड से प्रदेश के युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न उद्यमियों ने भी प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर में सुधार के साथ सिंगल विंडो क्लियरेंस जैसी निवेश फ्रेंडली सुविधाओं की सराहना की और अपने अनुभव के साथ-साथ सुझाव भी प्रदान किए। वहीं शीर्ष उद्यमी मित्रों ने भी प्रशिक्षण के अनुभव मुख्यमंत्री के साथ साझा किए। अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारे 100 से अधिक उद्यमी मित्र यहां चयनित हुए हैं, आपने 14 दिन की ट्रेनिंग के साथ ही कुछ औद्योगिक स्थलों का भी निरीक्षण किया है। आप जीवन की नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। अगले तीन वर्ष के अंदर आप अपने इन कार्यक्रमों के अंदर उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को आगे बढ़ाने में पूरी मजबूती से योगदान देंगे। प्रत्येक माह आपके



### 'प्रदेश के हित में काम करने का अवसर'

**उद्यमी** मित्रों की योग्यता का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि 1500 लोगों ने आवेदन किया था, जिसमें 105 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इनमें 87 पुरुष और 18 महिलाएं हैं। इस सूची में 15 को हमने वेटिंग में भी रखा है। यहां पर जो अभ्यर्थी चुने गए हैं, वो सभी सम्मानित यूनिवर्सिटी से आए हैं। यूनिवर्सिटी अॉफ वेल्स, यूके, आईआईएम लखनऊ, आईआईएम इंदौर, बीएचयू, ट्रिपल आईआईटी प्रयागराज, एनआईटी प्रयागराज समेत शीर्ष शिक्षण संस्थानों से ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। आप सबसे अपील है कि यह अवसर है आपके लिए कार्य करने का, अपने आपको साबित करने का, अपनी क्षमता को प्रदेश हित में लगाने का। आपके द्वारा जो भी प्रयास होंगे उनके बेहतर परिणाम को अपनी आंखों से देखने का। आपने देखा होगा कि इन्वेस्टर्स समिट में हमें 35 लाख करोड़ के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

### ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के लक्ष्य को प्राप्त करने में होगी महत्वपूर्ण भूमिका

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनाने के साथ ही ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आपकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आपको देखना होगा कि कहीं भी आप पर कोई उंगली न उठा सके। आपको लालच देने का प्रयास होगा, आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास होगा।

इन दोनों परिस्थितियों में बिना डिगे, बिना झुके, बिना बहके आपको 25 करोड़ जनता को ध्यान में रखते हुए प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी और प्रदेश को सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए अपने योगदान को रेखांकित करते हुए कार्य करना होगा। वहीं आपके मूल्यांकन का सबसे बड़ा आधार होगा। उन्होंने सीएम फेलोशिप में चयनित युवाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सीएम फेलोशिप योजना के तहत चयनित विकासखंडों में जाकर उन्हें आकांक्षी विकासखंड से उभारकर सामान्य विकास की प्रक्रिया से जोड़ने वाले विकासखंड के रूप में स्थापित करने में योगदान दे रहे हैं। इसके परिणाम अच्छे और सकारात्मक रहे हैं।




एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ।

## न्यूज फ्लैश

### उत्तराखंड में छह माह तक राज्याधीन सेवाओं में हड़ताल पर रोक

**देहरादून:** उत्तराखंड सरकार ने चारधाम यात्रा और आगामी वर्षा काल के दौरान आपदाओं को ध्यान में रखते हुए अगले छह माह के लिए राज्याधीन सेवाओं में हड़ताल को निषिद्ध कर दिया है। अब सरकारी कर्मचारी संगठन हड़ताल नहीं कर सकेंगे। सचिव शैलेश बगौली ने इस आशय की अधिसूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि चारधाम यात्रा और मानसून अवधि में संभावित आपदाओं की आशंका को देखते हुए लोकहित में ऐसा निर्णय लिया गया है। राज्यपाल इस आदेश के निर्गत होने के तिथि से छह माह की अवधि के लिए राज्याधीन सेवाओं में हड़ताल निषिद्ध करते हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य में चारधाम यात्रा शुरू है। जुलाई में कांवड़ यात्रा शुरू होगी।

### एसीबी की कार्रवाई, घूसखोर पटवारी ट्रेप

**धौलपुर:** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की धौलपुर टीम ने शनिवार को धौलपुर जिले के तसीमों कस्बे में कार्रवाई करते हुए पांच हजार की रिश्वत लेने वाले पटवारी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ब्यूरो की टीम ने पटवार मंडल मालोनी खुर्द के आरोपित पटवारी के कब्जे से पांच हजार की घूस की राशि भी बरामद की है। आरोपित पटवारी द्वारा परिवादी से जमीन का बंटवारा ऑनलाइन चढ़ाने के एवज रिश्वत की मांगी थी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की धौलपुर यूनिट के अपर पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया परिवादी महेंद्र सिंह कुशवाह निवासी हैदलपुर, जिला धौलपुर द्वारा 14 जून 2023 को एसीबी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। परिवादी ने शिकायत में बताया कि मालोनी खुर्द का हल्का पटवारी सुशील कुमार निवासी किरार पुरा उसके द्वारा खरीदी गई जमीन का बंटवारा ऑनलाइन चढ़ाने के एवज में 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। सिंह ने बताया परिवादी द्वारा दी गई शिकायत के भौतिक सत्यापन में मामला सही पाया गया था। उन्होंने बताया आरोपित पटवारी इससे पूर्व 8 जून को 5 हजार रुपए की रिश्वत परिवादी से पहले ही ले चुका था। शिकायत के सत्यापन के बाद में एसीबी की टीम ने सुनियोजित तरीके से जाल बिछाते हुए शनिवार को पटवारी सुशील कुमार को तसीमों कस्बे की स्टेट बैंक के पास परिवादी महेंन्द्र सिंह कुशवाह से 5 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। एसीबी की टीम द्वारा आरोपी पटवारी के आवास तथा अन्य ठिकानों पर तलाशी के साथ साथ पूछताछ की जा रही है तथा अनुसंधान के बाद आरोपी को एसीबी न्यायालय पेश किया जाएगा।

### लव जिहाद की एक और घटना आई सामने

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
भले ही पुरोला का मामला शांत हो गया है लेकिन विश्व हिन्दू परिषद एक बड़े आंदोलन को तैयार है। इसका कारण लव जिहाद के नाम पर लगातार घटती घटनाएं हैं। विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ नेता विकास वर्मा भगवा ने बताया कि लव जिहाद की एक और बड़ी घटना देहरादून में घटी। उन्होंने बताया कि थाना गढ़ी कैंट के अंतर्गत लक्की बनकर मोहम्मद सालिक ने नेपाली मूल की दो लड़कियों का शोषण किया। मोहम्मद सालिक ने भी अपने हाथ में कलावा बांधा हुआ है। आईडी हिन्दू नाम से बना रखी है। उन्होंने बताया कि मोहम्मद सालिक बिजनौर के वकील का बेटा है। इस घटना पर बजरंग दल ने शुक्रवार की रात थाना गढ़ी कैंट थाने का घेराव किया और थानाध्यक्ष से कहा कि यह प्रकरण केवल लव जिहाद का नहीं ह्यूमन ट्रैफिकिंग से संबंधित मसला भी है।

## राजनीति सेवा का माध्यम: सीएम गहलोत



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने कहा कि राजनीति सेवा का माध्यम है। राजनीति में आने के बाद जनप्रतिनिधि का धर्म पूरी ईमानदारी, निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ जनता की सेवा करना होना चाहिए। गहलोत शनिवार को अपने निवास से मुंबई में 15 से 17 जून तक आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन को वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन में पूरे देश के विधायकों का एक साथ संवाद करना लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। सम्मेलन में विधानसभा और विधानपरिषद की 25 वर्ष बाद की जिम्मेदारियों पर चर्चा करना और पार्टी की विचारधारा को छोड़ कर एकता एवं समरसता के लिए समर्पित होना एक अच्छी शुरूआत है।

## 'डकैती मामले में जांच न हुई तो हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**भेलूपुर** थाना क्षेत्र के संकुल धारा पोखरे के पास पिछले दिनों एक लावारिस कार की डिक्की में मिले 92 लाख 94 हजार रुपये के मामले को लेकर आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने शनिवार को स्थानीय पुलिस के बड़े अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाया। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि इस मामले में बड़े अधिकारियों का हाथ है और उसका क्लिप भी हमारे पास है। इस पूरे मामले की सीबीआई जांच की भी मांग हमने की है। पूर्व आईपीएस अमिताभ पत्नी नूतन ठाकुर के साथ यहां अस्सी घाट स्थित एक रेस्टोरेंट में मीडिया से मुखातिब थे। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि भेलूपुर में हुए डकैती कांड मामले में जाँच नहीं हुई तो हम हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। पूर्व आईपीएस ने बताया कि उन्होंने घटनास्थल का भी निरीक्षण किया।

अमिताभ ठाकुर ने गुजरात की फर्म से करोड़ों रुपए की डकैती और बरामदगी के बाद 07 पुलिसकर्मियों को बर्खास्त किए जाने को लेकर भी निशाना साधा।

## बाबा नीम करोली की जन्मस्थली और तपस्थली का होगा सुंदरीकरण

**टीम एक्शन इंडिया/फिरोजाबाद**
टूंडला तहसील में गांव अकबरपुर स्थित बाबा नीम करोली महाराज की जन्मस्थली और तपस्थली का पर्यटन विभाग द्वारा करोड़ों की लागत से सुंदरीकरण कराया जाएगा। शनिवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने गांव का दौरा कर यहां होने वाले विकास कार्यो की जानकारी हासिल की। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र शनिवार को अपने निजी वाहन से सबसे पहले गांव नागऊ के उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंचे।

## बिपरजॉय: राजस्थान में कई जगह भारी बारिश

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**अरब** सागर से उठा चक्रवाती तूफान बिपरजॉय गुजरात के तट पर टकराने के बाद अब राजस्थान में कहर बरपा रहा है। शनिवार सुबह से बाड़मेर, सिरोही, उदयपुर, जालोर, जोधपुर जिलों में बारिश हो रही है। 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही है। गुजरे 24 घंटों में पश्चिमी राजस्थान के जालोर, सिरोही और बाड़मेर जिले में इसका सबसे ज्यादा असर दिखा है। इन जिलों में 4 से 5 इंच तक बरसात हुई है। मौसम विज्ञान विभाग ने बाड़मेर, जालोर, सिरोही और पाली के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। रेलवे ने बाड़मेर से होकर गुजरने वाली 14 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इसी तरह उदयपुर से दिल्ली और मुंबई जाने वाली दो फ्लाइट भी कैंसिल की गई हैं। पाकिस्तान बॉर्डर से सटे बाड़मेर के पांच गांवों (बाखासर, सेड़वा चौहटन, रामसर, धोरीमन्ना) के पांच हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। बिपरजॉय के असर के कारण बीते दो दिन से राजस्थान के 80 फीसदी क्षेत्र में बादल छाए हुए हैं। बीती रात चूरू के बीदासर में इस सिस्टम के कारण 76 मिलीमीटर (3 इंच) बरसात हुई। सिरोही के कई इलाकों में 62 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। बीते 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश बाड़मेर के सेड़वा और सिरोही के माउंट आबू में 5-5 इंच मापी गई।

## बड़कोट: मुस्लिम व्यापारियों ने खोली दुकानें

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**पुरोला** में लव जिहाद का मामले को लेकर उपजा आक्रोश अब शांत पड़ता दिख रहा है। 21 दिन पहले मुस्लिम व्यापारियों से दुकानें खाली कराने का प्रकरण अब समाप्त होता दिखाई दे रहा है। पुरोला में मुस्लिम व्यापारियों की सात दुकानें खुल गई हैं और हालात सामान्य लग रहे हैं और तहसील से कल धारा 144 भी हटा ली गयी थी। इस संबंध में बड़कोट के उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि पुरोला में सात मुस्लिम व्यापारियों की दुकानें खुल गई हैं। इनमें से तीन नाई, तीन गारमेंट्स और एक कबाड़ी की दुकान खुल गयी है। 26 मई को पुरोला में नाबालिग लड़की भगाने की घटना के बाद से यहां साम्प्रदायिक तनाव फैल गया था। इसके बाद से अब तक मुस्लिम व्यापारियों की दुकानें बंद थीं। मामला इतना गम्भीर हो चुका था कि करीब 14 व्यापारियों ने पुरोला से दुकानें खाली कर दीं हैं। इससे पूर्व बीते रोज पुरोला सहित यमुना घाटी के सभी बाजार खोले गये थे, जिसमें पहले की तरह खूब चहल पहल रही। हालांकि, 25 जून को बड़कोट में प्रस्तावित महापंचायत को लेकर पुलिस-प्रशासन की चिंता बरकरार है। महापंचायत रोकने के लिए प्रशासन ने यमुना घाटी हिन्दू जागृति संगठन की बैठक बुलाई थी, जो किन्हीं कारणों से नहीं हो पाई।

